दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 05:27 ए एम
सूर्यास्तः 07:09 पी एम
तिथिः चतुर्थी - 12:57 ए एम, मई 24 तक
नक्षत्रः आर्द्रा - 12:39 पी एम तक
योगः शूल - 04:47 पी एम तक
करणः वणिज - 12:04 पी एम तक
द्वितीय करणः विष्टि - 12:57 ए एम, मई 24 तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः शुक्रवार

Digital Edition

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 03 • अंक 146 • पृष्ठ 8 • दुमका, शुक्रवार 26 मई 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

UDISE Code- 20110108005, JEPC Code- RTE/20/2021-22
Affiliated By Jharkhand Education Project Council
RGS gurukulam
(An Unit of Shatan Ashram)
Bright Future for your Kids
For More Detail : www.rgsgurukulam.com, Email- gurukulamrgs@gmail.com
Dhadhkia, Dumka, Mob.- 8409399342 (Principal), 7903712653 (Vice Principal)
Opening Shortly IX to X JAC Board
Class Nursery to VIII
Medium Hindi & English
Admission Open
School Ven Facility Available
For More Detail : www.rgsgurukulam.com
Drawing Class | Midday Meal | Computer Class | Yoga Class | Science Lab | Smart Class

महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रोपद्धी मुर्मू

रांची।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज बिरसा मुंडा स्टेडियम, खूंटी में आयोजित महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हुईं शामिल । इस अवसर पर राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का भ्रमण किया और उनके साथ सीधा संवाद किया। सम्मेलन में माननीय राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड सरकार में मंत्री जोबा मांझी, माननीय विधायक कोचे मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं माननीय विधायक विकास सिंह मुंडा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

TOKIPUR PRIMARY TEACHERS' TRAINING INSTITUTE
TOKIPUR B.Ed. COLLEGE
Approved by NCTE
Invites Application on the following Posts :
For Existing D.El.Ed. & B.Ed. Programme
1. Principal : Ph.D with minimum 55% Marks in Post Graduate and M.Ed. and 8 years Teaching Experience.
2. Professor/Associate Professor/Assistant Professor : Post Graduate with M.E. / M.P.Ed. / MFA / B.Ed. / B.El.Ed. with minimum 55% Marks in the following subjects :
Education / English / Hindi / Sanskrit / History / Geography / Maths / Physical Science (Physics / Chemistry) / Life Science / Computer Science / Political Science / Economics / Psychology / Physical Education / Performing Arts (Music / Dance / Theatre) / Fine Arts
NET / PHD DEGREE - AS PER NCTE NORMS
Apply before 27/ 05 /23
at Plot No.-353, Village - Tokipur, P.O.-Sukjora, Tehsil / Taluka - Raneshwar, Town / City - Dumka, Jharkhand - 814101
Or Email : tpt.institute@gmail.com
9431367973 / 9955578079 / 7070484822

दिल्ली सहित कई राज्यों में बारिश, यूपी-हरियाणा में ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली/एजेंसी।

पिछले कुछ दिनों से भयंकर गर्मी का टॉर्चर झेल रहे उत्तर भारत के लोगों के लिए अच्छी खबर है. अगले पांच दिन तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अलर्ट है. देश के कई दूसरे हिस्सों में भी बारिश के बाद पारा गिरा है. मौसम विभाग ने कहा है कि देश में लू का प्रकोप खत्म हो गया है और अब तापमान में गिरावट आएगी. मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. यहां पर आंधी और बारिश के आसार हैं.

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में आज बारिश और आंधी चलने की भी संभावना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दोपहर या शाम के समय अधिकतर स्थानों पर आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहने के साथ ही हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश तथा गरज के साथ छींटे पड़ने और तेज हवाएं (30-40 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने की संभावना है.

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, मध्य दिल्ली के अधिकतर स्थानों, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली में अगले 24 घंटों में तेज हवाएं (35-45 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने के साथ ही बिजली कड़कने की संभावना है.₹ आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार, शहर में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 59 प्रतिशत रहा. अधिकतम तापमान के 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं.

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 96 दर्ज किया गया।

देहरादून सहित प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार रात चली तेज आंधी और बारिश के कारण हुए अलग-अलग हादसों में चार व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए.

अधिकारियों ने यहां बताया कि हरिद्वार में पेड़ गिरने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मृत्यु हो गयी,

उत्तराखंड को पीएम मोदी ने दी पहली वंदे भारत की सौगात

दिल्ली से देहरादून का सफर मात्र 4.45 घंटे में होगा

नयी दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देहरादून से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंद दायक बनाने वाली हैः

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पर्वतमाला योजना उत्तराखंड का भविष्य बदलने जा रही है। ट्रेन शुरू होने से राज्य में आने वाले यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा। वंदे भारत भारत के सामान्य परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं।आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, जिस तरह हम गरीबी से लड़ रहे हैं उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून-व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है वो बहुत सराहनीय है। मेरा विश्वास है कि ये देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा।

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स
61,981.79+18.11 (0.029%)
निफ्टी
18,348.00+33.60 (0.18%)

मणिपुर में एक बार फिर भड़की हिंसा, एक की मौत

मणिपुर/एजेंसी। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। कर्फ्यूग्रस्त मणिपुर में बुधवार को बिष्णुपुर और इंफाल पश्चिम जिलों में अधिक हिंसा देखी गई। इन अलग-अलग घटनाओं में एक शख्स की मौत भी हो गई है। जबकि एक राज्य मंत्री के घर को निशाना बनाया गया। यहां प्रदर्शनकारियों ने खूब तोड़फोड़ की है। बता दें, राज्य में 3 मई को शुरू हुई हिंसक झड़पों में अभी तक करीब 70 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, लगभग 200 लोग घायल हुए और करीब 40,000 विस्थापित हुए।

DIKSHA EYE CARE
दीक्षा आई केयर एवं ऑप्टिकल्स
डॉ. दिवाकर वत्स
Post Graduate Ophthalmology
MOMS CHANDIGARH
नेत्र विशेषज्ञ
कम्प्यूटर मशीन द्वारा आँख जाँच की सुविधा
फेको मशीन द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा
एंडोस्कोपीक द्वारा कान, नाक, गला ईलाज की सुविधा
पता : दुर्गा स्थान के पीछे, जिम के बगल में दुमका
मो. : 8709418963

ASHOKA LIFE CARE
YOUR WAY TO BETTER HEALTH
Nucare Hospital
1st Private Setup in Santhal Paragna
Modular OT
Oxygen Plant
Ashoka Life Care
DR. TUSHAR JYOTI
OUR FACILITY
आयुष्मान भारत
5 लाख रु. तक गरीब परिवारों का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा
7480942213
KUMHAR PARA
DUMKA, JHARKHAND

Dipendra Singh
9335448671

R.K. Choudhary
8384831556

RK marbles & tiles

मार्बल & ग्रेनाइट

राजस्थान वाले

रेलवे स्टेशन के सामने, रिंग रोड, दुमका (झारखंड)

संक्षिप्त समाचार

चयनित साथिया को दिया गया मोबाईल एमआईएस एप्लिकेशन के जरिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जामा प्रखंड के महुलबोना पंचायत भवन में आज गुरुवार को सिमरा तपसी,मोहलबना एवं आसनजोर पंचायत की चयनित आरकेएसके साथिया को सिनी संस्था और जामा प्रखंड मुख्यालय के देखरेख में मोबाईल एमआईएस एप्लिकेशन के जरिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित छः विषयों को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिसमें स्वास्थ्य, पोषण,गैर संचारी रोग,यौन प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार,मादक द्रव्यों का दुरुपयोग एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव ने सदस्यों को संबोधित करते हुए सहियाओ के दायित्व के बारे में बताया। मौके पर किशोर किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें ऊंचाई,वजन,हिमोग्लोबिन आदि जांच की गई, जिसका आकलन बीडियो सिद्धार्थ शंकर यादव द्वारा किया गया ।इस अवसर पूजा मित्रा,देवीलाल मरांडी,संदीप कुमार,विकास राउत, कौशल कुमार,एएनएम सिसिलिया सोरेन,स्वास्थ्य कर्मी देवीलाल हेम्ब्रम आदि मौजूद थे ।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने किया दुमका भ्रमण

- **महिला आयोग ने लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई का दिया निर्देश**

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। महिलाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई एवं अनुश्रवण हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी का दुमका आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेखा कुमारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।दुमका जिले की महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई एवं अनुश्रवण हेतु पुलिस अधीक्षक , पुलिस उपाधीक्षक एवं दुमका जिले के तमाम थाना प्रभारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्राप्त शिकायतों पर की गई अद्यतन कार्रवाई की जानकारी ली गई एवं लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए सूचित करने का निर्देश आयोग की सदस्य द्वारा दिया गया।इस दौरान कई शिकायतकर्ताओं एवं पीड़िताओं ने भी सदस्य से मिल कर अपनी शिकायतें रखीं। लाहंती संस्था के द्वारा मानव तस्करी एवं और सुरक्षित पलायन विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत कीं।

जिला प्रशासन आप सभी के साथ हैं, आपके सहमति के बिना आपके गांव में किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा : उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। उपायुक्त द्वारा गोपीकांदर प्रखंड के ओड़मो पंचायत के महुलडाबर,कुंडापहाड़ी एवं चिरुडीह ग्राम में एनयूपीपीएल को आवंटित क्षेत्र के प्रभावित परिवारों की समस्या के सामाधन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पेंशन,राशन,पेयजल आदि से संबंधित समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया.उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लाभुकों को चिन्हित करते हुए इन्हें उक्त योजना से आच्छादित किया जाय।मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं पत्तल निर्माण का कार्य करती हैं।उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आपको पत्तल बनाने की ट्रेनिंग देकर पत्तल बनाने की मशीन उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही आपके द्वारा बनाए गए पत्तल का क्रय जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा शिक्षित युवा वर्ग से अपने आसपास के वैसे लोग जिनकी उम्र 60 साल हो चुकी है तथा उन्हें अब तक सरकार द्वारा पेंशन नहीं मिल रहा है, उन्हें चिन्हित करते हुए प्रखंड कार्यालय को सूची देने की अपील की ताकि उन्हें पेंशन का लाभ दिया जा सके।कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग तथा विधवा महिलाओं को भी पेंशन का लाभ दिया जाना है।दिव्यांगजन तथा विधवा महिला की सूची तैयार कर स्थानीय जन प्रतिनिधि पेंशन योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आप सभी के साथ हैं आपके सहमति के बिना आपके गांव में किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा।कहा कि स्थानीय लोगों को स्कूल अस्पताल की सुविधा मिलेगी.9 लोगों को कम से कम रू 15000 तक की नौकरी भी उपलब्ध करायी जाएगी। कहा कि गांव की समस्या को लेकर प्रधान मुझसे मिलें गांव की समस्या दूर की जाएगी।जिला प्रशासन आपके गांव आपकी समस्याओं को सुनने आया है आपकी समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जायेगा।

ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के तहत 53 लाख 94 हजार की लागत से निर्मित जलमीनार वर्षों से खराब

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत में संचालित योजनाओं की जांच हेतु पहुंचे उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा से सिमरा के ग्रामीणों ने वर्षों से खराब पड़े जलमीनार को ठीक कराने और मांग की। दरअसल उपविकास आयुक्त,प्रशिक्षु आईएस सनी राज एवं अन्य अधिकारियों के साथ संचालित योजनाओं में गड़बड़ी की जांच करने आये थे,उसी दौरान उन सभी की नजर जलमीनार पर पड़ गई और इसके बारे में ग्रामीणों से पूछा तो यह जानकर हैरान कर गए कि लाखों रुपये की लागत से बनी जनमीनार महज कुछ महीने चालू होने के बाद वर्षों से बंद पड़ी है। गांव की महिला संगीता देवी ने उप विकास आयुक्त को कहा कि गांव में 1000 से अधिक की आबादी है और 400 घरों में पानी सप्लाई करने की बात थी लेकिन बनने के बाद महज कुछ ही महीने तक जलमीनार से आसपास के कुछ घरों में पानी पहुंचा दिया गया और फिर बाद में जलमीनार से पेयजल आपूर्ति बंद हो गई फिर दोबारा नलों में पानी नहीं आया। जबकि वर्तमान समय में ग्रामीण पेयजल संकट से गुजर रहे है। गांव के अधिकांश चापाकल और कुएं भीषण गर्मी के वजह से सूख जाने के कारण इसी एक जलमीनार वाले चापाकल के सहारे पेयजल आपूर्ति हो रही है। लेकिन जिस उद्देश्य से जलमीनार का निर्माण कराया गया था वह बेकार साबित हुआ है। बता दें कि 2015-16 में नीर निर्मल परियोजना के तहत ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के तहत 53 लाख 94 हजार की लागत से इसका निर्माण कराया गया था।जिसमें 40 हजार लीटर क्षमता वाली टंकी का निर्माण कराया गया था। जिसमें सिमरा गांव के 4 टोले के 400 घरों में पानी की आपूर्ति की जानी थी। लेकिन बनने के बाद इसका लक्ष्य 200 घरों में पानी आपूर्ति का बताया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के कुछ घरों में नल का कनेक्शन तो किया गया और कुछ महीनों के लिए जल मीनार से पानी सप्लाई भी की गई लेकिन उसके बाद पानी की आपूर्ति नल के द्वारा बंद हो गई । जलमीनार के पास लगे चापाकल से ही अब गांव वाले पीने का पानी लाकर काम चलाते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग के अंदर से गांव में पाईप वायरिंग की गई थी जो सड़क बनाने वाले एजेंसी द्वारा काट दी गई है।लेकिन उन्होंने इसे दोबारा नही जोड़ा और उसे यूं ही छोड़ दिया गया है। महिला एवं ग्रामीणों के साथ संवाद के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि वे इसकी जांच करायेंगें और मरम्मती अवधि में होगी तो तुरंत इसकी मरम्मती का आदेश देंगे।अधिक समय हो गया है तो पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात कर इस परियोजना को चालू करवाया जाएगा।

एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। राज्य सरकार के निदेशानुसार आज दिनांक 25.05.2023 को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवघर परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय, देवघर द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरी की कमी को ध्यान में रखते हुए युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में कुल 12 कंपनी ने शिरकत किया, जिसमें कुल 551 रिक्तियों के साथ कंपनियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 254 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमे 110 का चयन हुआ, ओर अंतिम रूप से साक्षात्कार के उपरान्त 53 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वहीं रोजगार मेला का आयोजन मुख्य रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश बैठा की अद्यक्षता में की गई। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में नियोजन कार्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवघर के कर्मियों का बखूबी योगदान रहा। मौके पर नियोजन पदाधिकारी ने इस तरह के रोजगार मेला को बढ़ाबा देने की बात कही, और प्रत्येक बर्ष रोजगार मेला लगने की बात कही। वही मौके पर निम्न वर्गीय लिपिक समीर मरांडी, सतीश कुमार, जेपी शरण, चंदन कुमार, सतीश चंद्र, प्रशिक्षण अधिकारी विनोद नंदी, रवि शंकर प्रसाद,प्लेसमेंट ऑफिसर साजन कुमार, कुमारी अर्चना , संदीप कुमार वैद्य, प्रदीप कुमार, रमेश दास की भूमिका इस रोजगार मेला को सफल बनाने में सराहनीय रही।

29 मई से 14 जून तक चलेगा मन का मिलन पखवाड़ा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलन्त लोक अदालत वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए मसलिया प्रखण्ड पहुंचा। जहाँ प्राधिकार के सचिव की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे डालसा सचिव द्वारा मध्यस्थता के बारे में बताया गया कि मध्यस्थता एक ऐसा मंत्र है जिससे विवादों का निपटारा तुरंत होता है एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। साथ ही साथ उन्होंने 29 मई से 14 जून तक चलने वाले रमन का मिलन पखवाड़ा र के बारे में बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्राधिकार के आधिकारिक यूट्यूब चैनल द्वारा भी प्रचार किया जा रहा है। जिसमें परामर्श की सेवाएं दी जायेंगी, लंबित या मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों का आवेदन लिया जाएगा एवं सुझाव दिये जाएंगे। 29 मई से 14 जून तक सुबह 07 से दोपहर 12 बजे तक डालसा कार्यालय में प्रशिक्षित मध्यस्थ लोगों की समस्याओं को सुनेंगें, इसी समय विभिन्न थानों के अधिकारी भी मध्यस्थ के रूप में लोगों को सलाह देंगे। डालसा सचिव भी आए हुए लोगों को मध्यस्थता के बारे में जानकारी देंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनकर परामर्श देंगे। लोगों का जागरूक करने के लिए मसलिया प्रखंड परिसर में पम्प्लेट का भी वितरण किया। मौके पर मसलिया प्रखंड के प्र- खंड विकास पदाधिकारी, पंकज कुमार रवि लीगल ऐड डिफेंस काउंसल, अंकित कुमार सिंह, पी० एल० वी० नामित रानी दे के साथ विभिन्न गावों से आये हुए ग्रामीण मौजूद थे।

भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा ने सरकार से मांगा ओबीसी आरक्षण, पूर्व मंत्री ने कहा - पूर्व सीएम ने शुरू कराया था सर्वे

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। राज्य में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा ने गुरुवार को पुराने समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया।बाद में पार्टी के एक प्रतिनिधमंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार साह ने की। पार्टी नेत्री एवं पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव में किये गए अपने वायदे को पूरा करने में लगातार विफल साबित हो रही है। सरकार के कथनी और करनी में फर्क है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण लागू करने का वायदा हेमंत सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में की थी लेकिन आज राज्य के सात जिलों के ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया। पिछड़ी जातियों के अभ्यर्थियों को आज आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम रघुवर दास ने ओबीसी आरक्षण की मांग को गंभीरता से लिया था। पूर्व सीएम ने एक पत्र जारी कर सर्वे का आदेश भी दिया था लेकिन भाजपा सरकार की सत्ता में पुनर्वापसी नहीं होने की वजह से ओबीसी आरक्षण का मुद्दा अधूरा रह गया। कहा कि ओबीसी को उनका हक व अधिकार मिलना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर प्रजापति ने कहा कि पार्टी ने सरकार से जिन जिलों में आरक्षण शून्य कर दिया गया वहाँ 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग करती है। सरकार पिछड़ा विरोधी फैसला लेना बंद करें।
अगर ओबीसी आरक्षण पुनः बहाल नहीं हुआ तो पार्टी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।मोर्चा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण दिलाने के लिए आयोग गठन एवं ट्रिपल टेस्ट सर्वे शुरू करवाने, मनरेगा मजदूरों को नियमित रोजगार, नियमित मजदूरी भुगतान एवं आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीबों को दिलाने की भी मांग करती है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा बिनोद शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष निवास मंडल, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल, अक्षय यादव, मनीष कुमार, दिनेश सिंह, मदन पदार, मुकेश कुमार, संजय मंडल, पंकज वर्मा, दीपक सिंह संजय पंडित, ओम केसरी, मनोज यादव, नरेश मंडल, श्यामसुंदर मंडल, रोहित नंदी, छोटेलाल मंडल, प्रदीप शाह, गिरधर दास, नीरज भंडारी, ब्रांड गुप्ता सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

TO-LET
(3600 sq ft)
GROUND FLOOR
7 room late bath attach
SECOND FLOOR
4 room and 1 hall late bath attach
Address-lakhikundi (bridge left side),Dumka
Contact number-7004213289

संक्षिप्त समाचार

ग्रामीण स्वरोजगर प्रशिक्षण संस्थान में डिजिटल साक्षरता पर एक जागरुकता शिविर का आयोजन

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय पाकुड़ द्वारा सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगर प्रशिक्षण संस्थान में डिजिटल साक्षरता पर एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. इस जागरूकता शिविर में सोनाजोड़ी, मंगलापारा, शमसेरा, कोलाजोडा आदि गांव से 70 से भी अधिक की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यलय के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला अग्रणी प्रबंधक मनोज कुमार, डिजिटल अधिकारी सतेन्द्र तिवारी और अविनाश कुमार उपस्थित थे। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यलय के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेनदेन का प्रचलन हो रहा हैं। इस लेनदेन में सुविधा के साथ साथ हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि हमें किसी भी प्रकार का डळढ अनजान व्यक्ति को नही बताना चाहिए। बैंक कभी भी किसी भी ग्राहक को फोन से डळढ की मांग नहीं करता हैं। हमें जागरूक होने की जरूरत है। उन्होने रूपे कार्ड, योनो ऐप्स के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डिजिटल अधिकारी सत्येंद्र तिवारी और अविनाश कुमार के द्वारा ग्रामीणों के बीच बैंकिग फ्रॉड से सम्बन्धित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

बंगाली समाज की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया जमाई षष्ठी का पर्व

हिरणपुर(पाकुड़)ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा जमाई षष्ठी पर्व को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ धूमधाम से मनायी. बंगाली समुदाय की महिलाओं ने गुरूवार की सुबह पीपल वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना किया एवं जमाई व पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की. जमाई षष्ठी पर्व को लेकर सुहागिन महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान में डाला में क्षमतानुसार पूजन सामग्री फल, धूप, दीप लेकर पीपल वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना किया. मौके पर पंडित उज्जवल चक्रवर्ती, समीर चक्रवर्ती, तापस बनर्जी ने सभी सुहागिनों और माताओं को विधिवत पूजा करवाया। बताया जाता है कि इस पर्व में 21 प्रकार के फल एवं छह प्रकार के मिष्ठान को अनिवार्य माना गया है. जमाई षोस्टी के मौके पर नव दंपति अपने ससुराल आते हैं, जहां जमाय षोष्ट्टी में शरीक होते हैं जहां सासू मां के द्वारा इस अवसर पर काफी आवभगत किया जाता है तथा वर और पुत्री को नए वस्त्र भी दिया जाता है।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग जख्मी

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़िया थाना क्षेत्र के खक्सा गांव में गुरुवार को दिन में पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क पर मोटरसाईकिल का संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उस पर सवार तीन लोग गिरकर जख्मी हो गए। घायलों में दो पुरुष एवं एक महिला है जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल लुखी टुडू उम्र 60 वर्ष एवं जनार्दन मुर्मू उम्र 62 साल ईशानपुर गांव के हैं जबकि दुलाई चौरे उम्र 35 वर्ष हाथ पहाड़ी गांव का रहने वाले है तीनो ग्लैमर मोटरसाइकिल से ईशानपुर से हाथ पहाड़ी जा रहे थे कि कि खक्सा के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और सभी मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गए।

प्रधानमंत्री आवास दिवस का आयोजन

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को पाकुड़िया प्रखंड के पंचायत कार्यालयों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन मुखिया एवं रोजगार सेवको की देखरेख में किया गया। इस दौरान लागडुम , मोहलपहाडी, बासेतकुंडी, राजपोखर, डोमंगड़िया, छोटा सिंहपुर, खकसा सहित अन्य पंचायतों में लाभुको की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने खुद कई पंचायतों में पहुंचकर बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री आवास योजना का समीक्षा किया। बीडीओ ने सभी लाभुको को निर्माणाधीन आवास को समयसीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश लाभुकों को दिया।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई

पाकुड़ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। भाजपा कार्यालय पाकुड़िया में गुरुवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष विजय कुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी सह महाजनसंपर्क अभियान के पाकुड़ जिला संयोजक दानिएल किस्कू, प्रदेश मंत्री सह पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, पूर्व विधायक सुफल मराण्डी, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा मरांडी, जिला उपाध्यक्ष तपन मण्डल, जिला मंत्री रामचन्द्र साह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयसेन बेसरा, भाजपा नेता सह प्रखंड प्रमुख कालिदास मरांडी की उपस्थिति में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सह पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां बताने के लिए 30 मई से 31 जून तक महा जनसंपर्क अभियान के तहत हम जनता के बीच जाएंगे और आने वाले 2024 का चुनाव में नरेंद्र मोदी की सरकार पुनः बने इसके लिए जनता से आशीर्वाद मांगने का कार्य हमारे पार्टी के लोग महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से करेंगे। उपस्थित अन्य नेताओं ने भी बारी बारी से सभी ने अपना संबोधन किया।बैठक में मुख्य रूप से बूथों कमिटी की समीक्षा,आजीवन सहयोग निधि एवं महाजनसंपर्क अभियान के तहत निर्देशित कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन किया गया। मौके पर मोहन चौबे, सभी मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आपकी समस्याओं का होगा समाधान, अब नहीं होगा कोई परेशान

जिले के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया

30 जून 2022 तक सभी लंबित आवासों को किया जाएगा पूर्ण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ः ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार जिले के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर जिला के विभिन्न पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जाएगी। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों राज्य सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा की गई थी जिसमे पाया गया कि इस योजना अंतर्गत अभी भी राज्य में 1,11,859 इकाई आवास लंबित है, जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवास पूर्ण कराने के क्रम में निर्माण कार्य में हो रही सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि 30 जून 2023 तक अभियान के तहत 11 मई से लेकर प्रत्येक गुरुवार को संपूर्ण झारखंड में एक साथ प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा। आवास दिवस का स्लोगन होगा ₹आपकी समस्याओं का होगा समाधान, अब नहीं होगा कोई परेशान₹। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, प्रखंड विकास पदाधिकारी,सबंधित पंचायत के मुखिया,पंचायत कर्मी समेत पीएम आवास योजना ग्रामीण के कई लाभुक उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का किया गया प्रारंभ

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ः अमड़ापाड़ा प्रखंड के सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख जूही प्रिया मरांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई- पंचायत रितेश श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी ने जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं को समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण में बीडीओ कुमार देवेश दिवेदी ने कहा प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में विकास के लिए वार्षिक प्लान कैसे लिया जाए 15वें वित्त आयोग की राशि से विकास योजनाओं का चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपनी विकास योजना का क्रियान्वित करना है। कार्य योजना बनाने में तकनीकी एवं भौगोलिक रूप से संसाधनों का आकलन करें। सभी योजनाओं को मिलाकर मास्टर प्लान तैयार किया करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं को समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में सभी विभागीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक सह कंप्युटर ऑपरेटर एवं श्ढफढ ऋंई३१ सहित ग्राम पंचायत आलूबेड़ा, अमड़ापाड़ा संथाली, बासमती, बोहरा एवं डूमरचिर के मुखिया को जीपीडीपी के अंतर्गत केन्द्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का समेकन हेतू प्रारूप के बारे में जानकारी प्रशिक्षक सह पंचायत राज स्वशासन परिषद के प्रखंड समन्वयक अभिषेक गोंड द्वारा बताया गया। इस प्रशिक्षण में बीपीओ अजय गुप्ता, सहायक अभियंता सुनील कुमार, कनीय अभियंता जयराज कुमार, पंचायत सचिव नारद मंडल सहित पांच पंचायत के मुखिया रोजगार सेवक मौजूद थे।

बंगाली समाज ने मनाया जमाई षष्टी पर्व

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ः जिला मुख्यालय स्थित कालीभसान शिव मंदिर में बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा जमाई षष्ठी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बंगाली समुदाय की महिलाओं ने गुरूवार की सुबह पीपल वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना किया एवं जमाई व पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की। जमाई षष्ठी पर्व को लेकर सुहागिन महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान में डाला में क्षमतानुसार पूजन सामग्री फल, धूप, दीप लेकर पीपल वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना किया। बताया जाता है कि इस पर्व में 21 प्रकार के फल एवं छह प्रकार के मिष्टान को अनिवार्य माना गया है। वही पाकुड़िया प्रखंड में बंगाली समाज द्वारा गुरुवार को जमाय शोष्टी पर्व पूरी नेम निष्ठा के साथ मनाया गया। इस त्योहार में भगवान शोष्टी की पूजा होती है। इस पावन दिन को दामाद को भगवान के रूप में पूजा जाता है। ससुराल वाले दामाद के हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को बंगाली समुदाय की महिलाओं ने उपवास रखकर एवं पवित्र स्नान कर पुराने पीपल बृक्ष की पूजा अर्चना कर पति परमेश्वर के चिर दीर्घायु होने की कामना की। इसके उपरांत हाथ से पंखा झलकर मौसमी फल एवं तरह तरह के पकवान खाने को दिये जाते हैं। जमाय शोष्टी के दिन पकवान में मछली का होना एकदम अनिवार्य माना जाता हैं। यही कारण है कि ज्यादा डिमांड के कारण आज मछली बाजार में मछली की कीमत अन्य दिनों की तुलना में अधिक होती है। वहीं इस पर्व में मिष्टी दोई और रसगुल्ला की भी मांग हद से ज्यादा बढ़ जाती है। इस पर्व में किसी भी उम्र का दामाद क्यों न हो ससुराल पक्ष के लोग उन्हें पर्व से पूर्व ससम्मान बेटी समेत अपने घर आमंत्रित कर नये वस्त्र, विभिन्न प्रकार के फल एवं उपहार देकर उनका सम्मान करते हैं । सासु माँ दामाद के स्वागत में उपवास रखकर पांच तरह की मिठाई, फल एवं मछली के व्यंजन परोसती हैं तथा नये दामाद की तरह आवभगत करती हैं। इधर प्रखंड के चौकिसाल, पारुलिया, बोंनोग्राम, आलूदाहा, पालियादाहा, सगबेड़िया, रामदेवकुंडी, बद्रीकुण्ड, श्रीधरपाड़ा सहित अन्ययान्य गांवों में गुरुवार को जमाय शोष्टी निष्ठापूर्वक मनाया गया।

मिशन लाइफ स्टाइल फोर एनवायरनमेंट जगरूकता को ले कृषक गोष्ठी का आयोजन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ः सोनाजोड़ी पंचायत भवन में मिशन लाइफ स्टाइल फोर एनवायरनमेंट जगरूकता अभियान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना, जल संरक्षित करना, जैविक खेती को बढ़ावा देना, मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना एवं उसके उपयोग के लाभ के बारे में किसानों को बतलाया गया। जीवामृत का महत्व, इसके बनाने एवं इसके उपयोग करने का तरीका महिला समूहों को विस्तारपूर्वक बताया गया। मोहम्मद शमीम अंसारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा जीवामृत बनाने की तकनीक का प्रशिक्षण महिला समूह को दिया गया। 200 लीटर के जीवामृत टंकी मे 5 किलोग्राम ताजा गोबर, 2 किग्रा गुड़ एवं 2 किग्रा बेसन, 2 लिटर गोमूत्र मिलाकर टंकी मे 200 लीटर पानी भर देना है। यदि किसान भाइयों के पास 200 लीटर का टंकी न हो तो, वह 20 लीटर प्लास्टिक बाल्टी मे भी जीवामृत घोल तैयार कर सकते है। जितना दो सौ लीटर टंकी के लिए गोबर गुड़ बेसन आदि लगा उसी अनुपात में 20 लीटर के बाल्टी मे डालना होगा। 20 लीटर बाल्टी मे करने पर 500 ग्राम ताजा गोबर, 200 ग्राम गुड़ और बेसन आदि लगेगा। 10 दिन तक सूबह शाम इस टंकी को किसी बांस आदि के डंडे से कम से कम 10 -10 बार 10 दिन तक चलाना होगा। 11वें दिन गाद को बैठने देना होगा। 12 वें से15 वें दिन के अंदर उस घोल से 1 लीटर निकालकर 15 लीटर स्प्रे मशीन के टंकी मे डाल कर फसलो मे स्प्रे करना है। यदि फसल न भी हो तो निर्मित घोल को पतला कर खाली खेतों मे फैला देना है, ताकि खेत की उर्वरा शक्ति, कीट रोग प्रतिरोधकता बढ़े। टंकी मे घोल बनाते समय यदि नीम का पत्ता, अकवन, समालू, खरपतवार आदि का पौधा यदि डाल देंगे तो और शक्तिशाली घोल बनेगा। इस घोल के उपयोग से फसलो मे पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति होगी। फसलो मे रोग एवं कीट व्याधि का प्रकोप कम से कम होगा। इस कृषक गोष्ठी मे पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य एवं महिला समूहों की महिलाओ, बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र एवं किसान सम्मिलित हुए।

दो अलग-अलग दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल

लट्टीपाड़ा(पाकुड़)ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। थाना क्षेत्र में गुरुवार को अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. पहली घटना साहेबगंज गोबिंदपुर एक्सप्रेस हाइवे लिट्टीपाड़ा थाना के समीप गुरुवार को मारुति कार के चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत जोड़ो बेड़ा गांव का निवासी जेम्स पहाड़ियां जो लिट्टीपाड़ा में प्रवाह नामक एनजीओ में कार्यरत हैं चौक से अपने कार्यालय जा रहा था कि पीछे आ रही तेज रफ्तार मारुति कार संख्या जेएच 16 एफ 7946 ने उसे पीछे से ठोकर मार दिया जिससे जेम्स पहाड़िया कार से टकराकर दूर जा गिरा एवं गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना थाना के सामने घटने के कारण थाना के आनन फानन में युवक को पुलिस की गाड़ी से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां अस्पताल में डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया. वही दूसरी घटना लिट्टीपाड़ा घरमपुर मुख्य सड़क धनघरा गांव के समीप घटा. जहा लिट्टीपाड़ा की ओर से आज रहे डब्ल्यूएचओ के अधिकारी के वाहन में दो मोटरसाइकिल सवार पीछे से ठोकर मार दिया. घटना में दोनों मोटरसाइकिल सवार सिमलोंग ओपी क्षेत्र के बड़ा मालगोड़ा गांव निवासी देवराज पहाड़िया एवं भीम पहाड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे डब्ल्यूएचओ के अधिकारी के द्वारा लिट्टीपाड़ा हॉस्पिटल पहुंचाया गया. जहा डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संतोष टुडू ने बताया अलग अलग दुर्घटना में घायल तीनो व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है. घायलों में दो व्यक्ति जेम्स पहाड़िया एवं देवराज पहाड़िया का सर पर गंभीर चोट आई है. थाना प्रभारी अरुणिमा बागे ने बताया घटना में घायल युवक को हॉस्पिटल भेज दिया गया है. वाहन को जप्त कर लिया गया है. मामले की आगे की करवाई किया जा रहा है.

पॉकेटमार को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा किया, पुलिस के हवाले भेजा गया जेल

हिरणपुर(पाकुड़)ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। बुधवार शाम को बड़तल्ला हटिया से 1770 रुपैया चोरी करते रंगेहाथ ग्रामीण ने पकड़, किया पुलिस के हवाले भेजा गया जेल। हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरतल्ला हटिया मैं बरतल्ला निवासी एयनुल अंसारी पिता स्वर्गीय अमीन अंसारी का पैंट के पॉकेट से 1770 रुपैया लेकर भागने लगा इसी दौरान ग्रामीणों के द्वारा उसे धर दबोचा गया। इसी क्रम में स्थानीय चौकीदार यासीन अंसारी घटनास्थल पहुंचे और हिरणपुर थाना को सूचित किया तत्पश्चात गश्ती दल के द्वारा उन्हें पकड़ कर थाना लाया गया, पूछे जाने पर कथित अभियुक्त ने अपना नाम बाबर शेख, पिता आसिफ शेख, थाना तीन पहाड़ जिला साहिबगंज का रहने वाला है। मामले के बाबत हिरणपुर थाना कांड संख्या 56/23 धारा 379 411 भादवी के तहत मामला दर्ज कर गुरुवार को विधिवत न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

घर में आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर हुआ राख

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)ः (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। थाना क्षेत्र के सोनाधनी पंचायत के मंझला डीह गांव में प्रधान विजय मरांडी के घर में आग लगने से हजारों रूपए की संपति जलकर राख हो गया. गृह स्वामी विजय मरांडी ने बताया आग कैसे लगी है किसी को कुछ नहीं पता है. घर पर कोई नहीं था जब आग की लपेटे तेज हुई तब ग्रामीणों की नजर पड़ा तब पुरे ग्रामीण की सहायता से आग पर काबू पाने के लिए पानी का छिड़काव किया गया. आग की लपेटे तेज देखकर दमकल विभाग को सूचना किया इसके पश्चात दमकल विभाग मौके पर पहुंचकर आग बुझाया गया. तब तक गृह स्वामी मरांडी का हजारों रूपए की संपति राख हो गया. बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि जांच कर उचित मुवावजा दिया जाएगा.

संक्षिप्त समाचार

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया पीडीएस डीलरों के साथ बैठक

देवघर। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर जितेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में देवघर प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों के साथ एक आवशयक बैठक की गई ।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर ने बताया कि शशांक शेखर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक देवघर प्र-खंड को नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का प्रभार आदरणीय उपायुक्त देवघर मंजूनाथ भजंत्री के द्वारा दिया गया है। उनके निर्देशानुसार आप सभी को काम करना है। सबसे पहले उन्होंने पद परिचय कराया ।बाद बाकी विभाग में चल रहे विभिन्न प्रकार की योजनाओं ,जैसे चावल वितरण, गेहूं वितरण, चीनी वितरण ,नमक वितरण ,धोती, साड़ी, लूंगी वितरण आदि की समीक्षा की। उन्होंने सभी डीलरों से कहा कि मई माह का चावल सत प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा ग्रीन कार्ड धारियों के लिए जो चावल आपको दिया गया है, पोर्टल खुलते ही उसे बांट देना है ।उन्होंने सभी डीलरों से संवाद भी किया ।कुछ डीलरों की समस्याएं थी, उसे उच्चाधिकारी से संपर्क कर समाप्त करने की बात कही गई ।बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शशांक शेखर ,पीडीएस डीलर सुधीर दास, उमाकांत राय ,मनोज कुमार, परमेश्वर मंडल ,उपेंद्र मंडल, विश्वनाथ झा ,प्रकाश राणा, रीता देवी ,अनिल यादव ,लक्ष्मी जी, दुर्गा ,विभूति पंडित, सुधीर मंडल ,कामदेव दास, दिलीप दास ,साक्षी जी ,प्रभा कांत पाठक, जयप्रकाश ,शंकर प्रसाद यादव राजकिशोर यादव विश्वनाथ यादव ,चंद्र किशोर गुप्ता, सूचित चौधरी ,अजीत कुमार ,यमुना दास, सुगनी देवी आदि उपस्थित थे ।सभी डीलरों ने नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का साथ देने की बात कही।

महाविष्णु यज्ञ को लेकर निकला जल यात्रा

डुमरी। डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह प्रखंड के लोहनगरी के नाम से चर्चित भेंडरा में प्रभु श्री राम भक्त हनुमान की प्रतिमा के स्थापना प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महाविष्णु यज्ञ को लेकर गुरूवार को निकली कलश जल यात्रा में आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ महतो बाराडीह पंचायत के मुखिया प्रदीप वर्मा,घनश्याम महतो,पप्पु चौरसिया,मनोज कुमार भाजपा नेता फुलचंद किस्कु, सुरेन्द्र कुमार आदि शामिल हुए।

31 मई को नशा मुक्ति अभियान के तहत केबी कॉलेज करेगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

बेरमो। केबी कॉलेज बेरमो प्रबंधन ने आज एक प्रेस रिलीज जारी कर मिडिया को जानकारी दी कि 31 मई को कॉलेज प्रबंधन द्वारा अनेको विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगी। जिसके तहत बेरमो मे विश्व तंबाकू निषेध दिवस , 31 मई 2023 (बुधवार) पूर्वाह्न 11 बजे से महाविद्यालय के वेलफेयर कमिटी एवं क्कअउ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में नशा मुक्त परिसर एवं समाज निर्माण हेतु हस्ताक्षर अभियान , मानव सृंखला , स्लोगन के माध्यम से जागरूकता , नशे के दुष्प्रभाव से संबंधित संदेश देता हुआ लघु नाटक / नुक्कड नाटक का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया जायेगा। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों से लघु नाटक / नुक्कड़ नाटक हेतु नाम की मांग 29 मई तक कि गयी है जिसे मनोविज्ञान विभाग में जमा किया जाना है । उत्कृष्ट लघु नाटक / नुक्कड़ नाटक में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाना है । उपरोक्त जानकारी वेलफेयर कमिटी के कोआर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार द्वारा दिया गया।

अवैध खनन-परिवहन पर नियमित करें कार्रवाईः उपायुक्त

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने किया जिला खनन टास्क फोर्स समिति (डीएमटीएफ) की बैठक

जिला खनन टास्क फोर्स कमेटी, अनुमंडल/अंचल कमेटी द्वारा की गई कार्रवाई का किया समीक्षा, दिया जरूरी दिशा - निर्देश

जिले में कैटेगरी वन के बालू घाट से बालू उठाव की विभाग से मिली अनुमति,कार्यशाला आयोजित कर घाटों का संचालन शुरू करने को कहा

बोकारो।झारखंड देखो/प्रतिनिधि

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति (डीएमटीएफ) की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक चंदन झा, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, एसडीओ बेरमो अनंत कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार आदि उपस्थित थे। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार ने की गई अनुपालन कार्रवाई के संबंध में बताया। उपायुक्त ने *जिला खनन टास्क फोर्स कमेटी (डीएमटीएफ), अनुमंडल/अंचल कमेटी (एसडी/सीएमटीएफ) द्वारा क्रमवार अभियान चलाकर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कार्रवाई को नियमित करने का निर्देशदिया। साथ ही, कार्रवाई की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारियों को तत्काल दें। उन्होंने कोल उपक्रम/कंपनियों को भी अपने स्तर से कोयला चोरी पर रोक लगाने को लेकर नियमित कार्रवाई करने को कहा।बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने अंचलाधिकारियों से समन्वय बनाकर सक्रिय रूप से अवैध खनन झ परिवहन पर कार्रवाई करने का सभी एसडीपीओ/थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। कहा कि छापेमारी एवं कार्रवाई का पूरा डाक्यूमेंटेशन करें, क्या और कब सूचना मिली/क्या कार्रवाई की गई/क्या मिला/नहीं मिला आदि की विस्तृत जानकारी थानों में संधारित करें और उसकी रिपोर्ट जिला को अगले दिन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

वहीं, सीसीएल को वैद्य माइनिंग चालान के माध्यम से ही कोल रैक डिस्पैच करने को सुनिश्चित करने को कहा।

जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने समिति को बताया कि जिले के कैटेगरी वन के 06 बालू घाटों से बालू उठाव को लेकर विभाग से अनुमति प्राप्त हुई है। इसका संचालन संबंधित क्षेत्र के पंचायत कार्यालय द्वारा मुखिया/पंचायत सचिव आदि के माध्यम से होगा। इन घाटों के बालू का इस्तेमाल वाणिजिक कार्य के लिए नहीं होगा। इसका इस्तेमाल संबंधित पंचायत के ग्रामीण निजी कार्यों एवं विभिन्न सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वय में किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित स्टेक होलर्डस के साथ एक जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर बालू घाटों की संचालन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए संचालन शुरू कराने को कहा। कैटेगरी वन के तहत ऐसे बालू घाट गोमिया प्रखंड का पिंड्रा तुलबुल, चास प्रखंड का बोकारो स्टील सिटी, गोमिया का बरकीपुन्नू, चास प्रखंड का चकूल्या और खतका एवं चंदनकियारी प्रखंड का सरजोरी झ हरायक झ उदवा है। वहीं, कैटेगरी टू बालू घाट जिनका संचालन जेएसएमडीसी के माध्यम से होना है,उसका निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, सीटी डीएसपी कुलदीप कुमार, बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा, सभी अंचलाधिकारी, सभी थानों के थाना प्रभारी/पुलिस निरीक्षक, विभिन्न कोयला कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

गोड्डा लोकसभा जीतने के लिए सर्वस्व अर्पण करने को तैयार: चंद्रशेखर खवाड़े

- भाजपा नगर इकाई कार्यसमिति की बैठक

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि

भारतीय जनता पार्टी देवघर नगर इकाई की कार्यसमिति बैठक वार्ड नंबर 29 स्थित जून पोखर के पार्टी कार्यालय में हुई।यह बैठक प्रदेश की कार्यसमिति बैठक के बाद पिछले दिनों हुए जिला बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में की गई।बैठक की शुरुआत डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम गान के बाद हुई।बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछले कार्यों की चर्चा एवं आने वाले दिनों के लिए कार्यों का निर्धारण करना रहा।इस बैठक में मुख्य रूप से 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान के विषय में विस्तृत चर्चा और कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों के नामों पर चर्चा एवं घोषणा हुई।बैठक में मुख्य रूप से चंद्रशेखर खवाड़े,सागर झा,माया केसरी, बबलू रमानी, संजय गुप्ता, मनोज भार्गव, पिंटू झा, रिशू सिंह, कुणाल तिवारी, ममता गुप्ता, मीना झा, संध्या कुमारी, रमेश राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में चर्चा के बाद तय किया गया कि मन की बात कार्यक्रम का प्रमुख श्री रमेश राय, योग दिवस प्रमुख अलका सोनी एवं प्रेमलता बरनवाल,लाभार्थी योजना प्रमुख श्री संजय गुप्ता,आपातकाल पर चर्चा प्रमुख मीना झा एवं संध्या कुमारी,प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रमुख श्री कुणाल तिवारी,वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं उनका सम्मान हेतु प्रमुख श्री गौरी शंकर शर्मा एवं श्रीमती ममता गुप्ता, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन प्रमुख सागर झा, बलिदान दिवस कार्यक्रम प्रमुख मनोज भार्गव को बनाया गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा ₹भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में नहीं रहने से यहां की महागठबंधन वाली सरकार और उनके कार्यकर्ता प्रशासन को साथ लेकर जिस प्रकार से जनता का आर्थिक दोहन करते हुए उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है, इससे आम जनमानस को राहत देने के लिए भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कमर कस चुका है।हमें धरातल पर आकर जनता के बीच उनके घर घर तक पहुंचना है और भारत सरकार द्वा-रा जनहित में किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा एक एक जनता को देना है।साथ ही झारखंड की हेमंत सोरेन वाली सरकार के कुकृत्यों के भी विषय में चर्चा करना है।भारतीय जनता पार्टी आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए पुनः गोड्डा लोकसभा को जीतने में अपना सर्वस्व अर्पण करने को तैयार हैं।भारतीय जनता पार्टी देवघर नगर का एक-एक कार्यकर्ता प्रदेश और जिला के निर्देशों पर चल रहा है और प्रत्येक दिए गए कार्यों को अपने सामर्थ्य के अनुसार बेहतर प्रदर्शन के साथ पूरे झारखंड प्रदेश में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करा रहा है ।इस नाते सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं ।₹कार्यक्रम को कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समापन सागर झा ने किया।

पिता के राह पर चल पड़े दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो

- बेहतर पढ़ाई के लिए शुभम कुमार को लैपटॉप देने का किया घोषणा।
- मैट्रिक परीक्षा में राज्य में चौथा एवं जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को किया सम्मानित।

बेरमो। चंद्रपुरा प्रखंड के तेलो निवासी भोला प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार ने झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक लाकर राज्य में चौथा स्थान एवं जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसे लेकर बुधवार को दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो उनके आवास तेलो पहुँचकर गुलदस्ता व शॉल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

कहा की मेरे पिता जी का सपना था कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें पढ़ाई के मामले में आगे आएं आज इन सभी बच्चो ने राज्य एवं जिला में शानदार प्रदर्शन कर उनका सपना पूरा करने का कार्य किया है। जिस तरह मेरे पिता अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चो को सम्मानित व पुरस्कृत किया करते थे उस परंपरा को जारी रखते हुए शुभम कुमार को आगे बेहतर पढ़ाई करने के लिए लैपटॉप जल्द से जल्द मुहैया करवा दूंगा।

इस दौरान जेएनएनएय के अध्यक्ष गणेश बरनवाल, दिवंगत शिक्षा मंत्री का भतीजा, दिवाकर महतो के अलावे, शंभु वर्णवाल, गोविंद साव, संतोष सिंह, सुरेंद्र कुमार, शिवलाल महतो, अशोक कुमार, सोनू कुमार, रजनीश कुमार, नरेश कुमार, झारखण्डी प्रसाद वर्णवाल, अनिल कुमार प्रयाग हजाम, दीपू वर्णवाल समेत काफी संख्या में लोग थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर चर्चा

पीसीपीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने व झोलाछाप चिकित्सकों पर नकेल कसने के निर्देश

कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु 26-30 मई तक चलेगा सघन अभियान

झाारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में आयोजित हुई । सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नेहा संजना खलखो, स्वास्थ्य विभागीय जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी, डीपीएम, डीडीएम, बीपीएम तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री जयप्रकाश करमाली, श्री संतोष महतो, सुश्री निशा कुमारी, श्री सुमित प्रकाश, सुश्री ज्योति कुमारी व अन्य बैठक में उपस्थित रहे । बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गई । उपायुक्त ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिया जा सके इसके लिए सभी पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा । जिले में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु 26-30 मई तक सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया । अभियान में SAM(Severe Acute Malnutrition) कोई बच्चा पाया जाता है तो तत्काल एमटीसी में भर्ती कराने तथा MAM (Moderate Acute Malnutrition) मिलने पर कम्यूनिटी इलाज शुरू करने का निदेश दिया गया । सभी एमटीसी में बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाने का निदेश देते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने का निदेश दिया गया ।साथ ही 15 जून तक अनिवार्य रूप से जिले के शत प्रतिशत योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही गई । स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की लिस्ट मांगी गई तथा संवेदकों से यह सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया कि 75 फीसदी स्थानीय का नियोजन हो ।

- **आम जनता का फोन रिसिव नहीं करने वाले ममता वाहन संचालक हटाये जाएंगे**

उपायुक्त द्वारा सदर अस्पताल या अन्य सरकारी अस्पतालों के कचड़ा निस्तारीकरण की भी समीक्षा की गई । सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग का एमओयू एक संस्था से है जो सदर अस्पताल से रोजाना तथा सीएचसी से एक दिन छोड़कर(Alternate) पूरे प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मेडिकल कचरा का उठाव कर निस्तारण करती है । सीएचसी डुमरिया के जर्जर भवन को कंडम घोषित करते हुए भवन निर्माण विभाग को एक सप्ताह के भीतर भवन ढहाने का निदेश दिया गया । सीएचसी धालभूमगढ़ एवं सीएचसी पोटका के मरम्मतीकरण हेतु प्रस्ताव बढ़ाने की बात कही गई । ममता वाहन संचालकों की शिकायत सीडीपीओ डुमरिया द्वारा की गई, उपायुक्त ने मौके पर डुमरिया के बीपीएम से ममता वाहन संचालकों को फोन कराया, फोन कॉल रिसिव नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए ममता वाहन संचालकों की समीक्षा कर वैसे संचालक जो तत्काल आम जनता का फोन का जवाब नहीं देते उन्हें हटाकर नए संचालकों को रखने का निदेश दिया । डुमरिया और घाटशिला प्रखंड में संस्थागत प्रसव में अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर एमओआईसी से कारण पूछा गया तथा शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव ही हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया । गर्भवती माताओं को सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव कराने पर प्रत्येक सहिया को 300 रूपये दिया जाता है । वहीं कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाने पर प्रत्येक सहिया को 150 रुपये देय है। भर्ती के समय सहिया को 50 रू. दिया जाता है तथा चार फॉलो अप करने पर 100रू दिया जाता है ।

- **उपायुक्त की गर्भवती माताओं से अपील- लिंग जांच कर कन्या भ्रूण की हत्या नहीं करायें**

जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन हो तथा लिंग जांच कर किसी भी कन्या भ्रूण की हत्या नहीं होने पाये इसके लिए उपायुक्त ने कार्यपालक दण्डाधिकारियों को अल्ट्रासाउंड सेंटर के नियमित जांच का निर्देश दिया । जिले में वर्तमान में 84 अल्ट्रासाउंड सेंटर कार्यरत हैं, कुछ नए सेंटर के नवीनीकरण पर भी चर्चा हुई। दूसरे राज्यों में पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन कैसे बेहतर तरीके से किया जा रहा इसका भी स्टडी करने का निदेश दिया गया । जिले में झोलाछाप डॉक्टर प्रैक्टिस नहीं करने पायें इसके लिए सभी अंचलाधिकारी को औचक जांच करने का निदेश दिया गया तथा Clinical establishment एक्ट के सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की बात कही गई ।

कविता

डर लगता है

1.
डर लगता है,
हर घड़ी, हर- पल,
सपनों के टूटने का,
भाग दौड़ की जिंदगी में,
प्रतिस्पर्धा में,
दिखावे में,
अपनों से दूर निकल जाने का,
एक दूजे का साथ छूट जाने का ।

2.
डर लगता है
कहीं साथ चलते,
करवट बदलते,
किसी अनहोनी के,
सहसा घटित हो जाने का,
राह चलते दरिंदों से,
माँ- बहनों की,
अस्मत लूट जाने का,
कलंकित हो जाने का,
रिश्तों के टूट जाने का,
शीशे- सा टूट फ़र्श पर,
परिवार का बिखर जाने का ।

3.
डर लगता है
उसके गलत इरादों से,
मिथ्या वादों से,
मनोविकारी बातों व व्यवहारों से,
बिकते इमानों से,
चापलूसियों से,
सच को झूठ बताने वालों से,
दलालों से,
बिगाड़ के डर से,
ईमान की बात न कहने वालों से ।

4.
डर लगता है
चहुँ ओर फैली कुव्यवस्थाओं से,
बिखरे पड़े विषमताओं से,
जाति,धर्म आदि की ,
उलझे संधि- समासों से,
गद्दारों से, मक्कारों से,
भावनाओं को रौंद चलने वाले
पाशविक इरादों से,
सामाजिक समरसता को,
अस्वस्थ्य करने वाले ख्यालों से ।

5.
डर लगता है
अधर्म का वर्चस्व हो जाने का,
भ्रष्टाचारियों के चलती चलने का,
सत्य को सूली चढ़ जाने का,
सैय्याद के हाथों,
बर्बाद गुलिश्ता हो जाने का,
धरती की सुहाग सुंदरता को
बेबश लूट जाने का ।

6.
डर लगता है
उन उम्मीदों का,
कल्पनाओं का,
यथार्थ की जमीं पर,
'विश्वगुरु' की परिकल्पनाओं का,
अधूरा रह जाने का,
विकसित राष्ट्र की पंक्ति से
कोसों दूर रह जाने का ,
किस्मत नही वैसी मेरी
बातें दुनिया को कह जाने का ।

प्रस्तुति
डॉ विनोद कुमार शर्मा,
(नैदानिक मनोवैज्ञानिक)
असिटेंट प्रोफेसर,
विभागाध्यक्ष,
स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग,
सिकामु विवि, दुमका।

कांग्रेस-केजरीवाल के पास साथ आने के अलावा कोई विकल्प नहीं- जेडीयू

पटना, एजेंसी। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों के पास साथ आने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नीरज कुमार ने कहा कि 2024 के चुनाव में बीजेपी को हराने के लिए कांग्रेस या दूसरे विपक्षी दलों के पास हाथ मिलाने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। अरविंद केजरीवाल मंगलवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से मिलने गए थे और बुधवार को वो मुंबई में उद्धव ठाकरे से मिलेंगे। हालांकि उनकी यात्रा का विपक्षी एकता से कोई लेना-देना नहीं है। केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार को मिले ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को पलटने के लिए केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों का समर्थन जुटाने निकले हैं ताकि जब संसद सत्र में यह बिल पेश हो तो राज्यसभा में उसे पास होने से रोका जाए। जेडीयू के सुप्रीम लीडर और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद ही केजरीवाल को इस मसले पर समर्थन दे दिया था। जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह ने मंगलवार को भी केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। ललन सिंह भी विपक्षी एकता में लगे हैं लेकिन केजरीवाल उसमें पूरी तरह साथ आए दिखते नहीं हैं।

सुपौल में दो महिलाओं को कार ने रौंदा

सुपौल, एजेंसी। सुपौल पिपरा मुख्य मार्ग में एनएच-327 ए पर तेज रफ्तार में कार ने पैदल जा रही दो महिलाओं को रौंद डाला। जिसमें 48 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं, 46 वर्षीय महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। दोनों सब्जी लेने बाजार गई थी। दूसरी तरफ कार सवार दो व्यक्ति भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हालांकि स्थानीय लोगों ने सभी को सुपौल सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा दिया। मृतका 48 वर्षीय सरो देवी पति डोमी सादा पिपरा थाना अंतर्गत कटैया माही पंचायत के कटैया वार्ड-7 निवासी है। जख्मी 46 वर्षीय अनीता देवी भी वार्ड-7 निवासी हैं।

कार सवार कटिहार के रहने वाले हैं

कार सवार दो व्यक्ति कटिहार के निवासी बताए जा रहे हैं। जिसमें एक 35 वर्षीय सनी श्रीवास्तव दूसरा 30 वर्षीय कुणाल किशोर हैं। मृतका के देवर नरेश सादा ने कहा कि मंगलवार की देर शाम मेरी भाभी 48 वर्ष सरो देवी और पड़ोस में रहने वाली 45 वर्ष अनीता देवी निर्मली बाजार सब्जी लेने के लिए गई हुई थी। दोनों अपने घर सुपौल पिपरा मुख्य मार्ग से पैदल लौट रहीं थीं। इसी दौरान पिपरा की तरफ से आ रही कार उन्हें रौंद डाला। जिससे मेरी भाभी की मौके पर ही मौत हो गई। भाभी के साथ अनीता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

ग्रामीणों ने सभी को पहुंचाया अस्पताल

दूसरी तरफ कार में सवार दोनों व्यक्ति भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने सभी को बेहतर इलाज के लिए सुपौल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक ने मेरी भाभी को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी अनीता देवी खून से लथपथ थी।

मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे सड़क जाम

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक के देवर का आरोप है कि कार सवार दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। जिस वजह से हादसा हुआ है। परिजनों ने सरकार और जिला प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। साथी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मांग पूरी नहीं की गई तो बुधवार को सुपौल-पिपरा मुख्य मार्ग जाम कर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। पिपरा थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है। जबकि 3 लोग जख्मी हैं। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। कार जब्त कर कानूनी कार्रवाई पुलिस कर रही है।

बांका में साइबर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

बांका, एजेंसी। कटोरिया थाना क्षेत्र में साइबर फ्रॉड गैंग का पर्दाफाश हुआ है। साइबर गिरोह के 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक लैपटॉप, 71 मोबाइल, 2 कार, 3 मोटरसाइकिल, 38 नए सीम, 17 हजार नगद राशि और अन्य समाग्री बरामद किए हैं। मंगलवार शाम 7:30 में बांका एसपी डॉ. सत्य प्रकाश ने पीसी के माध्यम से जानकारी दी।

नगद, कार, बाइक व लैपटॉप बरामद : एसपी कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी प्रेमचंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कटोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीसार गांव निवासी नवीन यादव के घर में छापेमारी हुई। जहां से पुलिस ने 1 लैपटॉप, 71 मोबाइल, 2 कार, 3 मोटरसाइकिल, 38 नए सीम,17 हजार नगद राशि सहित आदि समाग्री मौके से बरामद किया गया। इस दौरान नवीन यादव की पत्नी निर्मला देवी, रवि कुमार, रूपेश कुमार एवं कंचन देवी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

गांव में ब्याज पर देता था पैसे

नवीन यादव ने पहले बंगाल में रहकर साइबर क्राइम से काफी धन अर्जित किया है। इधर कुछ दिनों से अपने घर पर ही रहकर साइबर क्राइम का सेटअप तैयार कर रखा था। जहां स्टाफ रखकर लोगों को ठगता था। साइबर क्राइम में कमाए गए पैसे को गांव में ब्याज पर लोगों को देता है जिसके कुछ कागजात भी बरामद हुए है। मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत

पटना, एजेंसी। मंगलवार को बिहार के 16 जिलों में बारिश हुई। इस दौरान अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। राज्य में बारिश का अलर्ट है। । मौसम विभाग ने 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान जताया है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, अररिया किशनगंज में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पटना में सुबह से बादल छाए रहे। 9 बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी हुई। बुधवार सुबह से ही राज्य के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से दरभंगा में 3, बेगूसराय में 2 और वैशाली में 1 व्यक्ति की मौत हुई है। सीएम नीतीश कुमार ने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल 4-4 लाख रुपए की मदद देने के निर्देश दिए हैं। वहीं बीते 24 घंटे के दौरान औरंगाबाद और किशनगंज को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

24 घंटे में औरंगाबाद सबसे गर्म रहा

वहीं पटना सहित राज्य के अधिकतर जिलों के अधिकतम तापमान में सोमवार के मुकाबले मंगलवार को काफी गिरावट दर्ज की गई। पटना के अधिकतम तापमान में 7.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मंगलवार को पटना का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री दर्ज रहा। वहीं 42.8 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म औरंगाबाद जिला रहा।

बिहार के 18 जिलों में 194 एमएम बारिश

बिहार 18 जिलों में 194 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश (65.2 एमएम) अररिया में हुई। पटना में 1.4 एमएम बारिश हुई। बारिश के चलते बिहार के सभी हिस्से में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह सामान्य से 2से 7 डिग्री कम है।

पूर्णिया में वज्रपात से किशोरी की मौत

पूर्णिया में वज्रपात गिरने से एक 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतिका की पहचान संझाघाट निवासी शैलेंद्र ऋषि के 14 वर्षीय पुत्री रजनी कुमारी के रूप में हुई है। हादसे के बाबत परिजनों ने बताया कि रजनी तीन भाई बहन में सबसे छोटी थी। दोनों बड़े भाई और पिता पंजाब में मजदूरी का काम करते हैं। हादसा जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के संझाघाट में हुआ।

घर के पास ही खेत में जलावन चुनने गई थी किशोरी

घटना की जानकारी देते हुए रजनी के परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे मकई का जलावन चुनने के लिए घर के पास ही बहियार गई थी। इसी दौरान तेज आंधी बारिश के दौरान वज्रपात गिरने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने घटना की जानकारी मीरगंज थाना पुलिस को दी। मीरगंज थाना पुलिस संझाघाट गांव पहुंचकर किशोरी के लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया।

हरदा में दीवारी गिरने से गई आशा कार्यकर्ता की जान

मरीगंज के संझाघाट में ठनका गिरने से किशोरी की मौत से पहले पूर्णिया के हरदा में आंधी की वजह से एक आशा कार्यकर्ता की मौत हो गई। बताया जाता है कि आंधी की वजह से महिला के ऊपर दीवार गिर गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान हरदा पंचायत के ठढ़ा रोड निवासी गीता देवी की रूप में हुई है।

हज यात्रियों को दो हजार के नोट के कारण नहीं होगी परेशानी, मनी एक्सचेंज काउंटर पर मिलेगी ये सुविधा

पटना, एजेंसी। बिहार से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की रवानगी 21 मई से शुरू हो गयी है. हज यात्रा पर कई प्वाइंट से यात्री जा रहे हैं. कोलकाता से पहला दल रविवार को रवाना हो गया है. जबकि, बिहार के गया से पहला दल 7 जून को रवाना होगा. ऐसे में लोगों के मन में शंका है कि उन्हें हज यात्री को दो हजार के नोट वापसी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ेगा. इससे लेकर बिहार हज भवन के सीईओ राशिद हुसैन ने बताया कि भारत से हज यात्रा पर जाने वाले यात्री एयरपोर्ट या अपने बैंक से भारतीय रुपये के बजाये रियाल साथ लेकर जाते हैं.

एयरपोर्ट पर मनी एक्सचेंज की है सुविधा

हज यात्रा पर गए यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके देखते हुए हर एयरपोर्ट पर मनी एक्सचेंज की सुविधा है. यात्री वहां अपने पैसे एक्सचेंज कर सकते हैं. इसके बाद वापस आने पर रियाल देकर भारतीय रुपये ले सकते हैं. राशिद हुसैन ने बताया कि नोट वापसी का नोटिस यात्रा शुरू होने के पहले ही आ गया था. ऐसे में यात्री खुद भी दो हजार रुपये का नोट लेकर नहीं जा रहे हैं. वैसे भी सरकार के द्वारा नोट वापसी के लिए पर्याप्त समय दिया गया है. यात्रियों को किसी सुरत में परेशानी नहीं होगी.

42 दिनों में खत्म होती है यात्रा

राशिद हुसैन बताते हैं कि हज यात्रा आमतौर पर 42 दिनों में खत्म हो जाता है. ऐसे में जो यात्री अपने घर में रखा नोट अभी एक्सचेंज नहीं करा पाये हैं वो वापस आकर करना सकते हैं. उदाहरण के लिए जो यात्री 15 जून जो भारत से रवाना होते हैं और वो अपने घर में रखा नोट जाने से पहले एक्सचेंज नहीं कर पाते हैं. वो हर हाल में 30-31 जुलाई तक वापस आ जाएंगे. ऐसे में उनके पास नोट एक्सचेंज करने के लिए दो महीने का वक्त बचेगा. साथ ही, यात्रा के दौरान परेशानी होने पर एम्बेसी से भी मदद मांगी जा सकती है.

भोजपुर में सड़क हादसा, सिविल इंजीनियर समेत 4 घायल

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर में मंगलवार को सड़क हादसे में कार सवार सिविल इंजीनियर समेत चार दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा जिले के आरा-बक्सर नेशनल हाईवे स्थित कुंडेश्वर एवं बिलौटी गांव के बीच हुआ। जानकारी के अनुसार घायलों में यूपी के जौनपुर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर बक्सा गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह का पुत्र सुधीर प्रताप सिंह, कोतवाली थाना क्षेत्र के रूहट्ठा गांव निवासी रणविजय सिंह का पुत्र सौरभ सिंह, जगदीश प्रसाद उपाध्याय का पुत्र हिमांचल उपाध्याय उर्फ सत्यव्रत उपाध्याय एवं गोरखपुर जिला के पीपीगंज थाना क्षेत्र के पीपीगंज गांव निवासी गुलशन विश्वकर्मा का पुत्र सत्येंद्र विश्वकर्मा शामिल है। इसमें सुधीर प्रताप सिंह पेशे से सिविल इंजीनियर है एवं वह मध्यप्रदेश के उज्जैन में ओजस एग्रो कंपनी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। जबकि जख्मी हिमांचल उपाध्याय उर्फ सत्यव्रत उपाध्याय जौनपुर में स्थित एचडीएफसी बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इधर सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि वे सभी दोस्त वाराणसी से कार पर सवार होकर सिक्किम घूमने जा रहे थे। जाने के क्रम में वह बक्सर लाइन होटल पर रुक कर खाना खाया। खाना खाने के बाद वे लोग वहां से सिक्किम के लिए निकले। उस समय वह एक अन्य दोस्त के साथ कार के पीछे बैठे हुए थे। जबकि हिमांचल उपाध्याय उर्फ सत्यव्रत उपाध्याय कार चला रहा था। जैसे ही उनकी कार कुंडेश्वर एवं बिलौटी गांव के बीच पहुंची। तभी आगे जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक ले लिया। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। जिससे सभी लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोर जख्मी

चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव के समीप सड़क हादसे में मंगलवार की देर शाम बाइक सवार दो किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आरा रेफर कर दिया गया। जख्मियों में गीधा ओपी अंतर्गत गीधा गांव निवासी जोगी पासवान का 12 वर्षीय पुत्र छोटे लाल समेत दो किशोर जख्मी है । इधर परिजनों ने बताया कि छोटेलाल अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से रिश्तेदार के घर कोयल गांव शादी समारोह में गया था। जब वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को चकमा दे दिया । जिससे वह अनियंत्रित होकर उसकी बाइक एक पोल से जा टकराई। इस हादसे में छोटे लाल को गंभीर चोटें आई है।

पटना का महावीर मंदिर इस साल खर्च करेगा 22.60 करोड़ रुपये

कैंसर पीड़ितों का निःशुल्क इलाज और भक्तों के खाने पर होगा खर्च

पटना, एजेंसी। महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि परोपकार व गरीबों की सहायता के मामले में महावीर मंदिर काफी बड़ा काम कर रहा है. महावीर मंदिर और इसके अस्पताल में रोगियों के इलाज व भक्तों के निःशुल्क भोजन पर चालू वित्तीय वर्ष में 22.60 करोड़ रुपये खर्च होंगे. महावीर कैंसर संस्थान में 18 साल तक के कैंसर पीड़ितों के निःशुल्क इलाज पर 5.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे. भक्तों को अयोध्या में राम रसोई व सीतामढ़ी में सीता रसोई में निःशुल्क भोजन कराने पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे. महावीर मंदिर में बुधवार को दान पेटी खुलने पर दो हजार रुपये के नोट की संख्या के बारे में पता चलेगा. महावीर मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आचार्य किशोर कुणाल ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि जिससे अभ्युदय व कल्याण हो, वही धर्म है. धर्म के चार स्तंभ में परोपकार भी है.

100 रुपये में एक यूनिट ब्लड उपलब्ध

आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान के ब्लड बैंक में कैंसर मरीजों को मात्र 100 रुपये में एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने के मद में एक करोड़ रुपये खर्च अनुमानित है. देश के किसी सरकारी, गैर सरकारी या सेवा भावी संस्था द्वारा इतनी सस्ती दर पर रक्त उपलब्ध नहीं कराया जाता है. महावीर मंदिर की ओर से कैंसर मरीजों की प्रारंभिक जांच व शुरुआती इलाज के लिए 10 से 15 हजार रुपये प्रति मरीज अनुदान राशि दी जाती है. इस मद में 1.75 करोड़ रुपये खर्च होंगे. महावीर अस्पतालों में गरीब मरीजों को इलाज में विशेष छूट पर महावीर मंदिर तीन करोड़ रुपये खर्च करेगा. गरीब मरीजों को इलाज में विशेष छूट के तहत महावीर अस्पतालों में 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत व 50 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है. महावीर मंदिर के अस्पतालों को मंदिर न्यास की ओर से 2.80 करोड़ रुपये अनुदान दिया जायेगा.

भक्तों के लिए राम और सीता रसोई, भर्ती मरीजों को निःशुल्क भोजन

महावीर मंदिर की ओर से अयोध्या स्थित अमावा राम मंदिर परिसर में रामलला के दर्शनार्थियों के लिए संचालित राम रसोई में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था है. 2020 की विवाह पंचमी से प्रारंभ राम रसोई में मार्च, 2023 तक 13.42 लाख भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है. अप्रैल, 2023 में 92,753 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. माता जानकी की प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम में महावीर मंदिर की ओर से सीता रसोई में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था है. महावीर मंदिर, पटना में प्रतिदिन दरिद्रनारायण भोज कराया जाता है. इन तीनों मदों में साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे. महावीर मंदिर न्यास द्वारा संचालित सभी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को दोनों समय निःशुल्क भोजन व सुबह का नाश्ता पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे. दलित उत्थान व सहायता के लिए 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है. गरीबों को स्वास्थ्य क्षेत्र के अलावा अन्य प्रकार से मदद के लिए 50 लाख रुपये निर्धारित किया गया है.

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

अरबपतियों की लिस्ट में बड़ा फेरबदल, अडानी ने मारी बाजी; परेशानी में अमेजन चीफ जेफ बेजोस

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की संपत्ति में एक बार फिर से बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जहां कई अमीरों की नेट वर्थ में गिरावट देखने को मिली है तो वहीं भारत के बड़े बिजनेसमैन की संपत्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। आइए देखते हैं दुनिया के अरबपतियों की नई लिस्ट में कौन किस नंबर पर है? ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक पिछले 24 घंटे में टॉप-20 में शामिल 18 अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट देखने को मिली है। इनमें सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस को हुआ है। उनकी नेटवर्थ में 19.8 अरब डॉलर यानी लगभग 1,63,909 करोड़ रुपये की कमी आई है। अब उनकी नेट वर्थ 139 अरब डॉलर रह गई है। फिलहाल, बेजोस दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। नेटवर्थ में एक और बड़ी गिरावट बर्नार्ड अर्नाल्ट की नेटवर्थ में हुई है।पिछले 24 घंटे में इनकी नेटवर्थ 11.2 डॉलर या तकरीबन 92,000 करोड़ रुपये की गिरावट देखने को मिली है। इसी के साथ इनकी संपत्ति 200 अरब डॉलर के नीचे पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, जेफ बेजोस ने अपनी गर्लफ्रेंड से इंगेजमेंट किया है। कपल साल 2018 से एक-दूसरे से डेट कर रहा है, लेकिन संपत्ति में आई गिरावट ने उनकी खुशी पर ग्रहण लगा दिया गया है। संपत्ति में आए बदलाव की वजह से बर्नार्ड अर्नाल्ट और एलन मस्क के बीच फासला घट गया है। मस्क की नेटवर्थ में 2.22 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली है।

ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर रोक लगाना मेरे हाथ में नहीं

आरबीआई के गवर्नर ने कहा- महंगाई पर लापरवाही की जगह नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आईएमएफ के अप्रैल 2023 के विश्व आर्थिक आउटलुक में वैश्विक विकास 2023 में घटकर 2.8 फीसदी होने का अनुमान लगाया गया है। 2022 में 3.4 फीसदी वैश्विक विकास का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने कहा कि 2024 में फिर से तीन फीसदी की वृद्धि रहेगी। दास ने कहा, आर्थिक मंदी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रित है। हालांकि, 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लगभग 70 फीसदी योगदान देने की उम्मीद है। इन्हीं अनुमानों के मुताबिक भारत चालू वित्त वर्ष में वैश्विक वृद्धि में करीब 15 फीसदी का योगदान देगा। उन्होंने कहा, लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक संघर्ष, विभिन्न देशों से बढ़ते मुद्रास्फीति के दबाव और दुनिया भर के प्रमुख



केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति को सख्त करने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को सख्त वित्तीय स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमएफ के अप्रैल 2023 के विश्व आर्थिक आउटलुक में वैश्विक विकास 2022 में 3.4 फीसदी से घटकर 2023 में 2.8 फीसदी हो जाएगा, जो 2024 में फिर से बढ़कर 3 फीसदी हो जाएगा।

आगे भी ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी की संभावना

आरबीआई गवर्नर ने आगे भी ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि को रोकना मेरे हाथ में नहीं है। यह परिस्थिति पर निर्भर करेगा। दास ने आगे कहा, खुदरा मुद्रास्फीति के अगले आंकड़े में महंगाई दर के घटकर 4.7 फीसदी से नीचे आने की उम्मीद है।

महंगाई कम हुई, कोताही की कोई गुंजाइश नहीं

उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि मुद्रास्फीति नीचे आई है, लेकिन लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि अर्थव्यवस्था की उत्पादकता जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई पर्याप्त लिक्विडिटी सुनिश्चित करेगा। दास ने बैंकिंग सिस्टम पर भरोसा जताते हुए कहा कि लिक्विडिटी और कैपिटल की मजबूत स्थिति और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ भारत का बैंकिंग सिस्टम स्थिर और मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा रिजर्व बैंक वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए अर्थव्यवस्था को पूरा समर्थन करेगा।

साल 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंची भारतीय अर्थव्यवस्था, नौकरशाही की लेटलतीफी बड़ा चैलेंज: मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) साल 2022 में 3,500 अरब डॉलर से अधिक रहा और अगले पांच वर्षों तक यह जी20 समूह में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगा। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने एक शोध रिपोर्ट में भारत की वृद्धि रफ्तार को लेकर आशावादी नजरिया जताने के साथ निर्णय-प्रक्रिया में शामिल नौकरशाही के रुख को लेकर आशंका भी जताई है। उसने कहा कि नौकरशाही का लेटलतीफी वाला रवैया प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को कम कर सकता है।

मूडीज के मुताबिक, भारत की वृद्धि रफ्तार पर नौकरशाही की तरफ से लगाई जाने वाली अड़चनें लगाम लगा सकती हैं। लाइसेंस लेने और कारोबार शुरू करने की अनुमति प्रक्रिया में नौकरशाही की धीमी रफ्तार परियोजनाओं की स्थापना के समय को बढ़ा

सकती है। मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने रिपोर्ट में कहा कि निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में शामिल भारत की शीर्ष नौकरशाही इस क्षेत्र के इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे दूसरे विकासशील देशों के मुकाबले एक एफडीआई गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को घटा देगी। हालांकि, भारत की एक बड़ी युवा एवं शिक्षित श्रमशक्ति, छोटे परिवारों की बढ़ती संख्या और शहरीकरण से आवास, सीमेंट एवं नई कारों के लिए मांग बढ़ेगी। इसके अलावा ढांचागत क्षेत्र पर सरकारी खर्च बढ़ने से इस्पात एवं सीमेंट कारोबार और शुद्ध-शून्य उत्सर्जन से नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण एवं ढांचागत क्षेत्रों में मांग इस दशक के बाकी समय में भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना 3-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके बावजूद भारत की क्षमता वर्ष 2030 तक चीन से पीछे ही रहेगी।

मूडीज ने कहा कि क्षेत्रीय व्यापार समझौतों को लेकर भारत के सीमित उदार रवैये का भी विदेशी निवेश आकर्षित करने पर असर पड़ेगा। हालांकि, भ्रष्टाचार पर नकेल कसने, आर्थिक गतिविधियों को संगठित करने और कर संग्रह एवं प्रशासन को बेहतर करने के सरकारी प्रयास उत्साहजनक हैं लेकिन इन कोशिशों की प्रभाव को लेकर जोखिम भी बढ़े हैं।

मार्च तिमाही में सन्सेरा इंजीनियरिंग का शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत घटकर 35 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली , एजेंसी। सन्सेरा इंजीनियरिंग का मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा पांच प्रतिशत घटकर 35.42 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के एक बयान में यह जानकारी दी। 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 37.36 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 623.04 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 580.82 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 12 प्रतिशत बढ़कर 148.34 करोड़ रुपये हो गया, जो 2021-22 में 131.89 करोड़ रुपये था। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,356.11 करोड़ रुपये हो गई।

सीतारमण ने बोइंग से भारत में निवेश बढ़ाने को कहा

नई दिल्ली , एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को देश के वैमानिकी एवं नागर विमानन बाजार को उच्च वृद्धि की राह पर अग्रसर बताते हुए विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग को भारत में निवेश बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया। सीतारमण ने बोइंग की वैश्विक वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम के साथ चर्चा में भारत में उपलब्ध निवेश अवसरों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत इस पूरे क्षेत्र के लिए एक व्यापार केंद्र के तौर पर भूमिका निभा सकता है। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में इस मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने बोइंग के अधिकारियों को भारतीय बाजार में उपलब्ध निवेश अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत का वैमानिकी एवं नागर विमानन बाजार उच्च वृद्धि की राह पर अग्रसर है। इसके अलावा विमानों के रखरखाव, मरम्मत एवं परिचालन (एमआरओ) केंद्र के तौर पर भी भारत खुद को स्थापित करना चाहता है। बोइंग को हाल ही में एयर इंडिया से विमानों की आपूर्ति का एक बड़ा ठेका मिला है।

27 माह में सबसे कम रह सकता है पाम तेल आयात

नई दिल्ली, एजेंसी। पाम तेल का आयात इस महीने गिरकर 27 माह के निचले स्तर पर आ सकता है। आयातकों ने इस बार पाम तेल के कार्गो को रद्द कर सोया तेल और सूरजमुखी तेल का आयात किया है। डीलरों के मुताबिक, भारत ने नवंबर से अब तक 6 महीने में औसत 8.18 लाख टन मासिक पाम तेल आयात किया है। अप्रैल में, भारतीय खरीदारों ने कई वर्षों में पहली बार बड़ी मात्रा में पाम तेल की खरीद को रद्द करने का विकल्प चुना था।

गेहूं के निर्यात पर अभी जारी रहेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की संभावना से इनकार कर दिया। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा, राजनयिक माध्यमों के जरिये खाद्यान्न की खेपों पर मामला-दर-मामला आधार पर विचार किया जाएगा।

दुकानदार बिल देने के लिए नहीं मांग सकेंगे आपका मोबाइल नंबर, सरकार लेने जा रही बड़ा फैसला

नई दिल्ली , एजेंसी। दुकान पर आप जब भी सामान खरीदते हैं तो दुकानदार बिल देने से पहले आपसे मोबाइल नंबर जरूर मांगते हैं। आपका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करने के बाद दुकानदार आपको बिल देते हैं। लेकिन अब जल्द ही आपको बिल पाने के लिए मोबाइल नंबर देने की कोई जरूरत नहीं है। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस चलन को खत्म करने के लिए सलाह जारी करने वाला है। दरअसल बिल देने से पहले हर बार मोबाइल नंबर मांगे जाने के चलन पर लोग लगातार शिकायत दर्ज करा रहे हैं। इस मामले में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह के मुताबिक, केंद्र कई शिकायतों के मिलने के बाद अब एडवाइजरी जारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राहक के मोबाइल नंबर पर जोर देने वाला कोई भी सेलर ÷अनुचित व्यापार व्यवहार÷ के तहत आता है।

ग्राहकों ने कई खुदरा विक्रेताओं

के बारे में शिकायत की है कि अगर वे अपना मोबाइल नंबर देने से मना करते हैं तो वे उन्हें सर्विस उपलब्ध नहीं कराते हैं। इधर ÷विक्रेताओं का कहना है कि वे मोबाइल नंबर दिए जाने तक बिल जनरेट नहीं कर सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत यह एक अनुचित और प्रतिबंधात्मक व्यापार चलन है। इस जानकारी को एकत्र करने के पीछे कोई तर्कसंगतता नहीं है। जब तक ग्राहकों की सहमति न हो, उन्हें नंबर नहीं लेना चाहिए।

भारत में ग्राहकों के लिए खरीदारी करने के लिए अपना मोबाइल नंबर देना जरूरी नहीं है। लेकिन ज्यादातर समय उन्हें मोबाइल नंबर देना पड़ जाता है। अधिकारियों के मुताबिक, यह भी निजता की चिंता है और ग्राहक के पास यह अधिकार है कि वह अपना मोबाइल नंबर शेयर करे या नहीं करे। उन्होंने कहा कि सेल्सपर्सन द्वारा ग्राहकों को सूचित करने की शिकायतें हैं कि वे बिना संपर्क नंबर के बिल नहीं बना सकते क्योंकि यह सिस्टम में इनबिल्ट है।

अधिकारियों के मुताबिक, वह विक्रेताओं को इस बारे में स्पष्ट दिशानिर्देश देंगे कि अगर कोई ग्राहक सामान खरीदने के बाद बिल के लिए अपना मोबाइल नंबर नहीं देना चाहता है तो सेल्सपर्सन को इसपर जोर नहीं देना चाहिए। उपभोक्ताओं के हित में इस मुद्दे को हल करने के लिए खुदरा उद्योग और सीआइआइ, आइएफसीसीआइ जैसी संस्थाओं को सलाह भेजी जाएगी। एक अन्य कदम में, मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को स्मार्ट फोन, लैपटॉप और टैबलेट के लिए यूनिवर्सल चार्जिंग पोर्ट - यूएसबी टाइप-सी - पेश करने पर अपने विचार भेजे हैं, जिसमें सुझाव दिया गया है कि इन चार्जर का रोलआउट जून 2025 से किया जा सकता है। दरअसल मंत्रालय ई-कचरे को कम करने के लिए केवल दो प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग उपकरणों के लिए सामान्य चार्जर के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है।

मार्च तिमाही में भारत की पीसी बिक्री 30 प्रतिशत घटकर 29.92 लाख इकाई पर

नई दिल्ली , एजेंसी। भारतीय बाजार में पर्सनल कंप्यूटरों (पीसी) की बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में मांग कम होने से सालाना आधार पर करीब 30 प्रतिशत तक घटकर 29.92 लाख इकाई पर आ गई। बाजार शोध फर्म इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में 42.82 लाख पीसी बेचे गए थे। आईडीसी वैश्विक स्तर पर पर्सनल कंप्यूटर उपकरणों का तिमाही रिपोर्ट जारी करती है। पर्सनल कंप्यूटर के तहत डेस्कटॉप, नोटबुक एवं वर्कस्टेशन आते हैं। भारतीय बाजार के लिए जारी रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2022 की तुलना में पर्सनल कंप्यूटर की भारत में बिक्री 30.1 प्रतिशत घटकर 29.92 लाख इकाई रह गई। हालांकि, डेस्कटॉप की मांग सकारात्मक रही लेकिन नोटबुक की मांग सालाना आधार पर 40.8 प्रतिशत तक गिर गई। इसके लिए उपभोक्ता खंड के अलावा वाणिज्यिक खंड से भी मांग में आई कमी जिम्मेदार रही। इस गिरावट के बीच एचपी 33.8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष स्थान पर बनी रही। लेनोवो 15.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे और डेल 13.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर आ गई।

स्पाइसजेट ने पायलटों का वेतन बढ़ाया

नई दिल्ली , एजेंसी। किफायती विमानन सेवाएं देने वाली एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को पायलटों (कैप्टन) के वेतन में बढ़ोतरी की घोषणा की। एयरलाइन ने कहा कि पायलटों का 75 उड़ान घंटों के लिए मासिक वेतन बढ़ाकर 7.5 लाख रुपये किया जा रहा है। इसके अलावा एयरलाइन ने पायलटों के लिए एक पद से जुड़ी निष्ठा से संबंधित अवार्ड की भी घोषणा की है। प्रशिक्षकों तथा फर्स्ट ऑफिसर्स के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। एयरलाइन ने बयान में कहा कि पायलटों का 75 उड़ान घंटों के लिए मासिक वेतन बढ़ाकर 7.5 लाख रुपये किया जा रहा है। यह वृद्धि 16 मई, 2023 से लागू होगी। इससे पहले एयरलाइन ने नवंबर, 2022 में अपने पायलटों का वेतन बढ़ाकर मासिक 80 घंटे की उड़ान के लिए सात लाख रुपये किया था।

अन्य देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में भारत, विदेशी मुद्रा भंडार का कोई संकट नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। अगले पांच-छह सालों तक देश किसी भी खराब स्थिति का सामना करने में सक्षम है। देश की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, 12 मई तक समाप्त हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स किटी) 3.553 बिलियन डॉलर बढ़कर 599.529 बिलियन डॉलर हो गया है। पिछले दो हफ्ते में विदेशी मुद्रा 11.7 बिलियन डॉलर का उछाल आया है। 5 मई को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी भंडार 595.97 अरब डॉलर है। पीयूष गोयल ने सीआईआई के वार्षिक

सत्र का संबोधन करते हुए कहा कि सरकारी मदद से महंगाई के प्रबंधन में काफी मदद मिली है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि आरबीआई ने इसे मान्यता दी है और पिछली एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। विदेशी मुद्रा को लेकर पीयूष गोयल ने कहा कि देश के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से भारत खराब स्थिति में भी अगले पांच-छह साल तक अपनी जरूरतों को पूरा कर सकता है। दुनिया के बाकी विकासशील देश ऐसी स्थिति में नहीं हैं। यह पहली बार है, जब कारोबारी ब्याज दरों को विकसित देशों के बराबर देखा जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग में निवेश के लिए, विकास के लिए और हमारी अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार करने के लिए, प्रौद्योगिकी लाने के लिए, देश में नवाचार लाने का एक अच्छा अवसर है।

भारतीय एग्रीफूडटेक स्टार्टअप में वित्तपोषण 2022 में 33 प्रतिशत घटकर 2.4 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली , एजेंसी। एजी फंडर और ओमनीवोर की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान भारतीय एग्रीफूडटेक स्टार्टअप में वित्तपोषण 33 प्रतिशत घटकर 2.4 अरब डॉलर रह गया। इसका कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार स्तर का होना है। इंडिया एग्रीफूडटेक इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट 2023 में कहा गया है, ''भारत में एग्रीफूडटेक स्टार्टअप ने वर्ष 2022 में कुल 2.4 अरब डॉलर जुटाए, जो वर्ष 2021 से 33 प्रतिशत कम है। वर्ष 2021 में 230 सौदों की तुलना में सौदों की संख्या भी वर्ष 2022 में घटकर 133 रह गई।'' रिपोर्ट में कहा गया है, ''भारत में एग्रीफूडटेक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने 2022 में उद्यम पूंजी वित्तपोषण में वैश्विक रुख का अनुकरण किया। वर्ष 2022 में वित्तपोषण 33 प्रतिशत घटकर 2.4 अरब डॉलर रह गया जो वर्ष 2021 में 3.6 अरब डॉलर का हुआ था।

रघुराम राजन ने दिया था 10000 के नोट का छापने का आइडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बार फिर से एक नोट को सर्कुलेशन से बाहर करने का फैसला लिया है। 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को बंद करने का फैसला लिया गया। आरबीआई के साल 2016 में नोटबंदी के बाद जिस नोट को जारी किया था, उसे करीब 8 सालों में ही वापस ले लिया। 2000 का नोट वापस लेने के फैसले के पीछे आरबीआई बार-बार

दलील दे रहा है कि हाई वैल्यू वाले नोटों को बाजार से वापस लिया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने दलील दी कि 2 हजार के बड़े नोट की बाजार में जरूरत नहीं है।

आपको जानकर हैरानी होगी आरबीआई ने जिन 2000 रुपये के नोट को ये कहकर वापस लेने का फैसला लिया कि बड़े नोट की जरूरत नहीं है, कुछ साल पहले उसी आरबीआई ने 5000 रुपये और 10000 रुपये के बड़े नोट को छापने की सिफारिश की थी। अक्टूबर 2014 में आरबीआई के गवर्नर रघुराम राजन ने केंद्र सरकार को 5 हजार और 10 हजार रुपए के नोट जारी करने का सुझाव दिया था। रघुराम राजन ने इसके पीछे दलील दी थी कि देश में बढ़ती महंगाई के चलते 1 हजार रुपए के नोट की कीमत कम हुई है। बेकाबू महंगाई पर काबू पाने के लिए उन्होंने बड़े नोट को छापने की सिफारिश की गई। सेंट्रल बैंक आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने अक्टूबर 2014 में मोदी सरकार को 5 हजार और 10 हजार के नोट छापने की सलाह दी थी। आरबीआई गवर्नर के इस सुझाव को सरकार ने मानने से इंकार कर दिया है। उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि सरकार ने इस सिफारिश को खारिज कर दिया क्योंकि वह रीप्लेसमेंट करंसी जल्द चाहती थी, इसलिए सरकार ने 2 हजार रुपए के नोट जारी करने का फैसला लिया गया। हालांकि बाद में साल 2015 में रघुराम राजन ने खुद कहा था कि बड़े मूल्यवर्ग के नोटों के साथ जालसाजी का डर रहता है। जिसके चलते इसे रखना मुश्किल होता है। बड़े नोटों के साथ काला बाजारी आसान हो जाती है। भारत के पड़ोसी देशों से नकदी नोटों की जालसाजी आसान हो जाती है।

यूपीआई लेनदेन नई ऊंचाई पर, भुगतान में गांवों ने शहरों को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपीआई से लेनदेन 2022-23 में रिकॉर्ड 139 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। 2016 में यूपीआई के जरिये सिर्फ 6,947 करोड़ रुपये का लेनदेन होता था। इस अवधि में संख्या के लिहाज यूपीआई लेनदेन 1.8 करोड़ से बढ़कर 8,375 करोड़ पहुंच गया। खास बात है कि यूपीआई भुगतान में गांवों ने शहरों को पीछे छोड़ दिया।

एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 2015-16 में जीडीपी की तुलना में डिजिटल भुगतान 668 फीसदी था, जो अब 767 फीसदी पहुंच गया है। आरटीजीएस को छोड़ दें तो खुदरा डिजिटल भुगतान 129 फीसदी से बढ़कर 242 फीसदी पर पहुंच गया है। उधर, 2022-23 में मूल्य के लिहाज से यूपीआई भुगतान में गांवों का हिस्सा बढ़कर 25 फीसदी पहुंच गया, जबकि शहरों की हिस्सेदारी 20 फीसदी रही।

खुदरा में यूपीआई का मूल्य बढ़कर 83 फीसदी हो गया है। एटीएम से निकासी घटकर 17 फीसदी हो गई है। एटीएम से कुल लेनदेन (डेबिट कार्ड) 30-35 लाख करोड़ रुपये रहा है। 2017 में एटीएम से लेनदेन नॉमिनल जीडीपी का 15.4 फीसदी था, जो अब 12.1त्न पर आ गया है। एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आरबीआई के 2000 के नोट वापस लेने के फैसले का अर्थव्यवस्था पर कोई असर नहीं होगा। हालांकि, इससे बैंकों को तरलता के मोर्चे पर मदद मिल जाएगी। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि नोट वापसी से करीब 3 लाख करोड़ रुपये वापस सिस्टम में आ जाएंगे, जबकि बैंकों के करेंसी चेस्ट के पास पहले से ही 60 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम है।

साल में सिर्फ 8 बार एटीएम जाते हैं लोग

रिपोर्ट में कहा गया है कि पैसे निकालने के लिए पहले लोग साल में औसतन 16 बार एटीएम में जाते थे। अब यह संख्या घटकर 8 बार रह गई है। लगातार डिजिटल भुगतान की वजह से अब एटीएम से नकदी निकासी में गिरावट आई है। इस समय देश में 2.5 लाख एटीएम हैं।

यूपीआई से अप्रैल में 14.1 लाख करोड़ का भुगतान

रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में यूपीआई से कुल 8.9 अरब लेनदेन के जरिये 14.1 लाख करोड़ रुपये का भुगतान हुआ। इस दौरान हर भुगतान का मूल्य औसतन 1,600 रुपये रहा। देश के शीर्ष-15 राज्यों में यूपीआई की मूल्य और संख्या के लिहाज से हिस्सेदारी 90 फीसदी रही है। शीर्ष-100 जिलों में यह हिस्सा 45 फीसदी है। यूपीआई में एक रुपये का मूल्य बढ़ने से डेबिट कार्ड से लेनदेन में 18 पैसे की कमी आती है।

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

लंदन में 143 करोड़ में बिकी टीपू सुल्तान की तलवार:उम्मीद से सात गुना ज्यादा दाम मिला, हैंडल पर सोने से उकेरे गए शब्द

लंदन में टीपू सुल्तान की 18वीं सदी में बनी तलवार 143 करोड़ रुपए में बिकी है। इसकी जानकारी नीलामी कराने वाले ऑक्शन हाउस बोनहम्स ने दी है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि नीलामी से मिलने वाली रकम उम्मीद से सात गुना ज्यादा है। वहीं, ये तलवार अब तक की सबसे महंगी बिकने वाली भारतीय और इस्लामिक ऑब्जेक्ट यानी वस्तु बन गई है।

ऑक्शन हाउस की साइट के मुताबिक तलवार को टीपू की हार के बाद उनके बेडरूम से निकाला गया था। ये तलवार टीपू सुल्तान के अहम हथियारों में शामिल थी। इसके हैंडल पर सोने से 'शासक की तलवार' लिखा हुआ है।

मुगलों के हथियार बनाने वालों ने टीपू की तलवार जर्मन ब्लेड देखकर बनाई थी। इसे 16वीं सदी में भारत भेजा गया था। तलवार के हैंडल पर सोने से शब्दों को उकेरा गया है। इसमें भगवान की पांच क्वालिटी बताई गई हैं। ऑक्शन हाउस के निमा साघार्ची ने बताया कि नीलामी के दौरान तलवार खरीदने के लिए लोगों के बीच काफी कॉम्पिटिशन देखने को मिला।

4 मई 1799 को टीपू सुल्तान की हार के बाद सेरिंगापाटम से उनके कई हथियारों को लूटा गया था। इनमें ये तलवार भी शामिल थी। ऑक्शन हाउस के मुताबिक टीपू की तलवार को ब्रिटिश आर्मी ऑफिसर मेजर जनरल डेविड बायर्ड को टोकन के तौर पर गिफ्ट किया गया था।

टीपू सुल्तान की तलवार के अलावा एक दूसरी नीलामी में चीन के आखिरी राजा एसिन गिओरो पुई की घड़ी भी बेची गई है। इसे 51 करोड़ रुपए में खरीदा गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इसे खरीदने वाला एशियाई मूल का व्यक्ति है, जो फोन के जरिए जुड़ा हुआ था।

घड़ी के बारे में कहा जाता है कि इसे पुई ने अपने रूसी दुभाषिए को गिफ्ट किया था। जिसे बाद में रूस में कैद कर लिया गया था। ये अब तक बिकी किसी भी राजा की सबसे महंगी घड़ी है। इससे पहले 2017 में वियतनाम के राजा बाओ दाई की घड़ी 41 करोड़ रुपए में बिकी थी।

पहली बार मंगल ग्रह से पृथ्वी पर भेजा गया सिग्नल:16 मिनट में रिसीव हुआ, साइंटिस्ट्स ने इसे डीकोड करने के लिए लोगों से मदद मांगी

पहली बार मंगल ग्रह से पृथ्वी पर सिग्नल भेजा गया है। ये सिग्नल किसी एलियन ने नहीं बल्कि यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर (ExoMars Trace Gas Orbiter (TGO)) ने भेजा है।

ये सिग्नल मार्स के ऑर्बिट में घूम रहे TGO ने 24 मई को रात 9 बजे भेजा, जो 16 मिनट बाद पृथ्वी पर रिसीव हुआ। ये एक्सपेरिमेंट 'ए साइन इन स्पेस' प्रोजेक्ट के तहत किया गया। इस प्रोजेक्ट का मकसद ही ये है कि अगर किसी दूसरे ग्रह या एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल सिविलाइजेशन (एलियन्स) से हमारी धरती पर कोई सिग्नल भेजा जाएगा तो उसे हम रिसीव कर पाएंगे या नहीं।

एलियन्स से मैसेज मिलना हमारे लिए परिवर्तनकारी अनुभव होगा : साइंटिस्ट TGO से भेजे गए सिग्नल को वेस्ट वर्जीनिया के ग्रीन बैंक टेलीस्कोप, इटली के मेडिसिना रेडियो एस्ट्रोनॉमिकल स्टेशन, कैलिफोर्निया के एलन टेलीस्कोप ऐरे और न्यू मैक्सिको के वेरी लार्ज ऐरे ने रिसीव किया था।

वहीं, सर्च फॉर एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस इंस्टीट्यूट (SETI) के साइंटिस्ट और 'ए साइन इन स्पेस' प्रोजेक्ट के चीफ डेनिएला डी पॉलिस ने कहा- हमने हमेशा शक्तिशाली और परिवर्तनकारी घटनाओं का मतलब ढूंढने की कोशिश की है। एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल सिविलाइजेशन (एलियन्स) से सिग्नल या मैसेज मिलना पूरी मानव जाति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी अनुभव होगा।

डी पॉलिस ने इंटरनेशनल एक्स्पर्ट्स और स्पेस साइंटिस्ट्स की अपनी टीम के साथ मिलकर लोगों से मंगल ग्रह से मिले इस सिग्नल को डीकेड करने के लिए मदद मांगी है। उनके मुताबिक, डिकोडिंग की प्रोसेस से पता चलेगा कि आखिर पृथ्वी पर भेजे गए सिग्नल या मैसेज में क्या लिखा है।

वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि डी पॉलिस और उनकी टीम ने इस सिग्नल या मैसेज को डीकोड करने के लिए एक दूसरा प्रोजेक्ट बना लिया है। साथ ही सिग्नल या मैसेज को डीकोड कर लिया है। हालांकि, ये बताया नहीं है कि उसमें क्या लिखा है।

मार्ग-दर्शन

जब सावरकर ने चाटुकारों को फटकारा

पराधीन भारत में एक दिन ब्रिटिश सरकार के कुछ भारतीय चाटुकार इस बात की खुशी मना रहे थे कि इंग्लैंड में एडवर्ड सप्तम का राज्याभिषेक हो रहा था। ये लोग अत्यंत उत्साह के साथ समारोहपूर्वक अपनी प्रसन्नता को अभिव्यक्त कर रहे थे। वास्तव में ये वे लोग थे, जो ब्रिटिश सरकार की नजर में वफादार साबित होकर उससे अपने क्षुद्र स्वार्थों की पूर्ति करना चाहते थे। जो भारतीय असली राष्ट्रभक्त थे, उन्होंने ऐसे प्रत्येक आयोजन का बहिष्कार किया। सुविख्यात क्रांतिकारी वीर सावरकर उस समय किसी काम से त्र्यंबकेश्वर आए हुए थे। उन्होंने जब संपूर्ण शहर में ऐसे समारोहों के आयोजन के पोस्टर और ब्रिटिश झंडे लगे देखे, तो वे बहुत दु:खी हो गए। उनके मन में आया कि ऐसे राष्ट्र द्रोहियों को खरी-खरी तो सुना ही देना चाहिए। वे ऐसे ही एक समारोह स्थल पर पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों से कहा, 'तुम सभी को धिक्कार है, जो तुम ऐसी खुशियां मना रहे हो। तुम लोग एक ऐसे राजा का अभिषेकोत्सव मना रहे हो, जिसने तुम्हारी मातृभूमि को गुलाम बना रखा है। क्या तुम्हें ऐसा महसूस नहीं होता कि यह तुम्हारी गुलामी का उत्सव है? क्या तुम यह अनुभव नहीं करते कि विदेशी शासक के प्रति राजभक्ति का प्रदर्शन तुम्हारे स्वयं के देश के प्रति द्रोह की अभिव्यक्ति है। क्या ऐसा करके आप स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का मनोबल नहीं गिरा रहे हैं?' सावरकर की इस ओजस्वी वाणी ने आयोजकों का सिर शर्म से झुका दिया और उन्होंने सावरकर से क्षमा मांगते हुए अपना समारोह तत्क्षण समाप्त कर दिया। अपनी मातृभूमि के प्रति हर प्रकार से निष्ठा रखना प्रथम नागरिक कर्तव्य है और इस निष्ठा के अनुरूप व्यवहार करना देशवासियों का परम धर्म होना चाहिए।

जीने की राह

वृद्धावस्था में वैराग्य देता है दिव्यता

बुढ़ापे में जिन बातों की तकलीफ होती है उनमें से एक है खुद के ऊपर गुस्सा आना। शरीर लाचार हो चुका होता है। इसलिए कई ऐसी गलतियां हो जाती हैं जो जवानी के दिनों में नहीं हुई थीं। गलती करने के बाद बुजुर्गों को खुद पर गुस्सा आता है कि ऐसा क्यों हुआ। स्वयं पर यह क्रोध उनके जीवन को और जहरीला बना देता है। उन्हें अपनी वृद्धावस्था स्वीकार कर यह सोचना चाहिए कि जाने-अनजाने में हमसे कुछ गलतियां होंगी। इसलिए ऐसे समय खुद पर गुस्सा करने की जगह प्रेम करें। अन्यथा क्रोध आपकी ऊर्जा को पी जाएगा और प्रेम आपकी ऊर्जा को बढ़ाएगा। ध्यान रखिएगा प्रेम करना है, मोह नहीं। क्योंकि यदि अपने शरीर से मोह किया तो बुढ़ापे में नर्क की तैयारी है पर यदि प्रेम किया तो एक वैराग्य जागेगा। यह वैराग्य मृत्यु के क्षण में बड़ा काम आएगा। क्योंकि यह तो तय है कि बुढ़ापे में और खासतौर पर मृत्यु के पूर्व ऐसा महसूस होता है कि जो कुछ हमने किया वह एक सपना था। चौबीस घंटे में से अधिकांश समय स्मृतियों में बीतने लगता है और लगने भी लगता है कि हमने जीवन में जो किया वह किसी काम का नहीं था। फिर एक चिड़चिड़ाहट शुरू हो जाती है। इसलिए बीते हुए कल पर बहुत अधिक न टिकें, क्योंकि बीते कल की वासना जागेगी और वह आज की वासना को भी जगाएगी। लिहाजा हमारा वर्तमान भी बिगड़ेगा। इसलिए वृद्धावस्था में प्रेम के परिणाम में जितना वैराग्य जागेगा, जीवन का समापन उतना ही गरिमामय, शांतिपूर्ण और दिव्यमय होगा।

दिल्ली और केंद्र के झगड़े में आगे क्या होगा

दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को दिल्ली सरकार के हक में फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ केंद्र सरकार ने समीक्षा याचिका (रिव्यू पेटिशन) दायर करने के साथ अध्यादेश जारी किया है। जो लोग इस मामले में जल्द फैसले की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें समझना चाहिए कि अभी तक 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर ही फैसला नहीं हुआ है। केंद्र बनाम दिल्ली विवाद को लेकर जुलाई 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने कई मुद्दों पर फैसला दिया था, जिनके विरुद्ध समीक्षा याचिकाएं दायर की गई थीं। वहीं, 11 मई का फैसला 5 जजों की जिस बेंच ने दिया था, उनमें से एक जस्टिस शाह रिटायर हो गए हैं और एक अन्य जज कृष्ण मुरारी जुलाई के दूसरे हफ्ते में सेवानिवृत होंगे। इसका मतलब यह है कि समीक्षा याचिका पर सुनवाई के लिए 5 जजों की नई बेंच के गठन और ओपन कोर्ट में सुनवाई का फैसला जुलाई के बाद ही होगा। एक बात यह भी है कि केंद्र ने जो अध्यादेश जारी किया है, वह तभी मान्य होगा जब संसद के दोनों सदनों से उसे मंजूरी मिले। इसमें पेच यह है कि राज्यसभा में सरकार के पास बहुमत नहीं है।

जो लोग इस मामले में जल्द फैसले की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें समझना चाहिए कि अभी तक 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर ही फैसला नहीं हुआ है। केंद्र बनाम दिल्ली विवाद को लेकर जुलाई 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने कई मुद्दों पर फैसला दिया था, जिनके विरुद्ध समीक्षा याचिकाएं दायर की गई थीं। वहीं, 11 मई का फैसला 5 जजों की जिस बेंच ने दिया था, उनमें से एक जस्टिस शाह रिटायर हो गए हैं और एक अन्य जज कृष्ण मुरारी जुलाई के दूसरे हफ्ते में सेवानिवृत होंगे।

अध्यादेश पर दलीलें

केंद्र के अध्यादेश को लेकर पूछा जा रहा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट इसे निरस्त कर सकता है? ऐसा तभी हो सकता है, जब इसे संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ माना जाए। लेकिन अध्यादेश में दो ऐसी बातें लिखी गई हैं, जिससे इसे जल्द निरस्त करवाना संभव नहीं दिखता।

–इसमें पहली बात यह है कि दिल्ली सीमित अर्थों में केंद्र शासित प्रदेश है, लेकिन व्यापक नजरिये से देश की राजधानी है। यहां सभी संवैधानिक संस्थानों के साथ सुप्रीम कोर्ट और विदेशी दूतावास स्थित हैं। इसलिए पूर्ण राज्य के नजरिये से दिया गया संविधान पीठ का फैसला गलत है।

–दूसरी, संसद ने बालाकृष्णन समिति की सिफारिशों के आधार पर 1991 में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी(एनसीटी) कानून बनाया था। इस समिति ने भी सेवाओं को केंद्र के अधीन रखने की सिफारिश की थी।

वहीं, केंद्र सरकार के इस अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल सरकार ने अभी अपने तर्क दिए हैं।

–सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के फैसले के खिलाफ अध्यादेश लाने के बाद केंद्र ने शीर्ष अदालत में समीक्षा याचिका क्यों दायर की?

–यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां शुरू होने के समय लाया गया है ताकि अदालत में इस पर तुरंत सुनवाई न हो सके।

–सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की बेंच ने संवैधानिक व्याख्या के साथ 11 मई को दिल्ली सरकार के हक में फैसला सुनाया था। इसे लागू नहीं करना अदालत की अवमानना होगी।

–साल 2015 में नोटिफिकेशन जारी करने के बजाय यह अध्यादेश आया होता तो बहुत पहले ही इंसाफ हो गया होता।

ध्यान रहे कि केंद्र सरकार ने दो साल पहले एनसीटी कानून में बदलाव किए थे। इसके खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर तीन जजों की बेंच ने मार्च 2023 में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। यह मामला भी संविधान पीठ के सामने जाएगा। सवाल यह भी है कि 11 मई के फैसले के खिलाफ अध्यादेश और समीक्षा याचिका दायर होने के बाद इस मामले में आगे क्या होगा?

–समीक्षा याचिका पर सुनवाई के लिए जुलाई के बाद पांच जजों की नई संवैधानिक बेंच बनेगी। इस बीच, अगर दिल्ली सरकार अवमानना का मामला दायर करती है तो उसकी सुनवाई भी नई संवैधानिक बेंच के सामने होगी।

–अध्यादेश को अगर तुरंत चुनौती दी गई तो सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच के सामने सुनवाई होगी, लेकिन इस पर फैसला देने के लिए 5 जजों की बेंच का गठन करना होगा।

–सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की बेंच ने 1997 में एनडीएमसी मामले में कहा था कि दिल्ली सीमित अर्थों में केंद्र शासित प्रदेश है। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में उस फैसले के अनुसार शीर्ष अदालत से न्याय की मांग की है।

–इस दलील को अगर सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया तो केंद्र बनाम दिल्ली मामलों में सुनवाई के लिए 9 या उससे अधिक जजों की बेंच बनानी होगी।

क्यों बढ़ेगा टकराव

असल में, दिल्ली में चीफ सेक्रेटरी, अडिशनल चीफ सेक्रेट्री (सामान्य प्रशासन) और सर्विसेज सेक्रेट्री, इन तीन सदस्यों वाला सिविल सेवा बोर्ड पहले से है। नए कानून के अनुसार अथॉरिटी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, लेकिन अन्य दो सदस्य चीफ सेक्रेट्री और प्रिंसिपल सेक्रेट्री (होम) की नियुक्ति उपराज्यपाल ही करेंगे।

इससे भी दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव बढ़ सकता है। IAS के साथ ग्रुप बी की ट्रांसफर, पोस्टिंग और अनुशासनात्मक मामलों पर अथॉरिटी को अधिकार होगा, लेकिन उसकी सिफारिशों पर अंतिम निर्णय या वीटो का हक उपराज्यपाल के पास होगा। केंद्र के अध्यादेश में दिल्ली सरकार से जुड़ी सभी तरह की सेवाओं का जिक्र होने से नौकरशाही के माध्यम से सभी विभागों में उपराज्यपाल का दखल बढ़ सकता है।

पूर्व कैबिनेट सेक्रेटरी सुब्रमण्यम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में केंद्र और सभी राज्यों में 3 महीने के भीतर सिविल सेवा बोर्ड के गठन का आदेश दिया था। नौकरशाही की निष्पक्षता सुरक्षित रखने के लिए भी शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा था। उस फैसले पर अमल करने के लिए संसद में क़ानून बने तो नौकरशाही के साथ चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों में स्वतंत्र नियुक्ति का रास्ता साफ हो सकता है।

यह दूरी ठीक नहीं

अब यह लगभग तय हो चुका है कि लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह से करीब-करीब समूचा विपक्ष गायब रहेगा। 19 विपक्षी दलों ने बुधवार सुबह बाकायदा घोषणा कर दी कि वे रविवार को होने वाले इस समारोह का बहिष्कार करने वाले हैं। कारण यह है कि संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों करना तय किया गया है, जबकि विपक्षी दलों के मुताबिक यह काम राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए।

विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री सदन का हिस्सा और शासन प्रमुख होने के नाते अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं और उन्हें उस तरह की निर्विवाद हैसियत हासिल नहीं होती, जो संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति को प्राप्त होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि इस सुझाव पर विपक्ष को सामान्य स्थिति में कितना जोर देना चाहिए था। क्या इसे इस सीमा तक खींचना जरूरी था कि उस आधार पर समारोह का ही बहिष्कार कर दिया जाए? निश्चित रूप से विपक्ष का यह स्टैंड सहज-

स्वाभाविक नहीं कहा जाएगा। यह इस बात का सबूत है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेदों की खाई बहुत ज्यादा चौड़ी हो चुकी है। दोनों के बीच विश्वास का संकट पैदा हो गया है। यही चिंता की सबसे बड़ी बात है।

विपक्षी दलों ने भी अपने संयुक्त बयान में इस बात का संकेत दिया है कि मामला सिर्फ इस एक मुद्दे का नहीं है। सरकार समय-समय पर ऐसे कई कदम उठाती रही है जिन्हें विपक्ष अपने ऊपर हमला या सदन की तौहीन के रूप में देखता रहा है।

चाहे बात राहुल गांधी की सांसदी छिनने की हो या तीन कृषि कानूनों को संसद से पारित कराने के ढंग की या फिर दिल्ली में नौकरशाही को हर हाल में अपने अधीन रखने के केंद्र के प्रयासों की, इन सब पर सरकार का अपना पक्ष है और उसके अपने तर्क हैं, लेकिन विपक्ष की भी अपनी शिकायतें हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार की ओर से विपक्ष तक पहुंच कर उसे अपनी बात समझाने या उसका पक्ष समझने की ऐसी कोई कोशिश भी नहीं दिख रही, जिससे विपक्ष को ऐसा लगे कि सरकार को उसकी भावनाओं की फिक्र है।

मौजूदा मामले को ही लें तो अगर सरकार विपक्ष को साथ लेते हुए आगे बढ़ती तो ये मुद्दे समय पर उसके संज्ञान में आ जाते और तब बहुत संभव था कि बातचीत से ऐसी कोई राह निकल जाती, जिससे कम से कम बहिष्कार की नौबत नहीं आती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब इस पर सिर्फ अफसोस ही जताया जा सकता है।

भारत में क्यों सबसे ज्यादा मचती है भगदड़

पिछले हफ्ते अल सल्वाडोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में 12 लोग कुचलकर मारे गए और तकरीबन 500 घायल हो गए। ऐसे ही पिछले महीने रामनवमी के दिन इंदौर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में मची भगदड़ में 35 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। दुनिया भर में आए दिन कहीं न कहीं भगदड़ मचती रहती है। पिछले दिनों वैज्ञानिकों ने 1900 से लेकर 2019 के बीच मची कुल 281 भगदड़ का विश्लेषण किया। गंभीर बात यह है कि दुनिया भर में जितनी भी भगदड़ मचती है, भारत उसमें नंबर एक पर है।

क्या रहे कारण

जापान की तोक्यो यूनिवर्सिटी और ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी का यह शोध सेफ्टी साइंस जर्नल में आया है। इसमें भगदड़ के कारणों का विश्लेषण किया गया।

–विश्लेषण में कुल 46 घटनाओं और इससे जुड़े 24 कारकों को शामिल किया गया। जो परिणाम आए, उसके लिए 7 कारणों को भगदड़ का जिम्मेदार ठहराया गया।

–इनमें दर्शकों का मूड, उत्पाती लोगों का समूह, हताश भीड़, असंतुलित लोगों का जमावड़ा, घटनास्थल पर ज्वलनशील-विस्फोटक पदार्थ,

स्टेडियम में आवाजाही और समय विशेष थे।

–शोध में कहा गया कि जहां दर्शक कार्यक्रम से सीधे जुड़ते हैं, वहां भगदड़ का जोखिम ज्यादा रहता है। ऐसी जगहों पर सुरक्षा की संभावना 86 फीसदी से घटकर मात्र 31 फीसदी रह जाती है।

–आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में भगदड़ की घटनाओं के पीछे मुख्य वजह यही है कि सुरक्षा संबंधी कदम पुख्ता रूप से नहीं उठाए गए।

–शोध में पता चला कि वर्ष 1900 से लेकर 1999 तक हर साल ऐसी तीन घटनाएं होती थीं, मगर उसके बाद इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई।

–1902 से 2000 के बीच दुनिया के बड़े स्टेडियमों में 23 मामले भगदड़ के हुए हैं। इनमें मरने वालों की संख्या 1380 है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि इनके आयोजक जोखिम के कारकों पर विशेष ध्यान दें।

हजारों मौत

शोध में शामिल रहे ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के डॉ. मिलाद हागानी के मुताबिक पिछले 20 साल में 8,000 से ज्यादा लोगों की जान भगदड़ में गई है तो 15,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। डॉ. हागानी के मुताबिक वक्त के साथ खेल आयोजनों में दुर्घटनाएं कम हुई हैं, मगर धार्मिक आयोजनों में यह बढ़ी है। बीते 30 साल में खेल आयोजनों में अलग से सुरक्षा के जो इंतजाम हुए हैं, उसके चलते उनमें भगदड़ कम मची है। वहीं तोक्यो यूनिवर्सिटी के प्रो. क्लाउडियो फेलिचियानी के मुताबिक भारत में भगदड़ इसलिए मचती है क्योंकि यहां शहर की ओर होने वाले पलायन के लिए आधारभूत सुविधाएं नहीं हैं।

–शोध में बताया है कि वर्ष 2000 से 2019 के बीच दुनिया भर में भगदड़ के जितने भी हादसे हुए, उनमें से तकरीबन 70 फीसदी अकेले भारत में ही हुए और तकरीबन ये सारे धार्मिक आयोजन थे।

–भारत में भगदड़ से होने वाली अधिकतर घटनाएं नदी, तालाब, कुंड या पानी के किसी स्रोत के किनारे हुए।

–इसके अलावा पुलों, बस और रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ की घटनाओं में लोगों की जान गई।

–शोध में कहा गया है कि भारत में समस्या वित्तीय संसाधनों की कमी नजर आती है। ऐसा लगता है कि सरकार जानती है कि कुछ करना है, मगर उसके पास जरूरी संसाधन और तकनीक नहीं हैं।

गंभीरता जरूरी

भगदड़ ना मचे और इसमें किसी की जान ना जाए, इसके लिए नैशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने 2014 में कुछ सुझाव दिए थे। इनके तहत लोगों को ट्रेनिंग देने और पुलिस-प्रशासन को स्थानीय कॉलेज और यूनिवर्सिटी के संपर्क में रहने की सलाह दी गई थी। यह भी कहा गया था कि जैसे आईआईएम अहमदाबाद ने तिरुपति मंदिर की व्यवस्था तैयार की थी, वैसी ही केस स्टडी की जानी चाहिए। इस रिपोर्ट के आने के बाद भी भारत भगदड़ से लगातार जूझ रहा है तो क्या यह माना जाए कि सरकारें और प्रशासन इस विकट समस्या को लेकर उतने गंभीर नहीं, जितना उन्हें होना चाहिए?

दैनिक पंचांग

26 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.39 बजे से
चंद्र	कर्क में	कर्क	08.52 बजे से
मंगल	कर्क में	सिंह	11.08 बजे से
बुध	मेष में	कन्या	13.20 बजे से
गुरु	मेष में	तुला	15.31 बजे से
शुक्र	मिथुन में	वृश्चिक	17.46 ब.से
शनि	कुंभ में	धनु	20.02 बजे से
राहु	मेष में	मकर	22.07 बजे से
केतु	तुला में	कुंभ	23.53 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मीन	01.26 बजे से
		मेष	02.57 बजे से
		वृष	04.37 बजे से

शुक्रवार 2023 वर्ष का 146 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
वक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
तिथि षष्ठी 05.20 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 20.50 बजे को समाप्त।
योग ध्रुव 19.03 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 05.20 बजे तदनन्तर गर 18.32 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 06.3 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21°03'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871625
जूलियन दिन 2460090.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना जिल्काद
तारीख 06
विशेष शीतला षष्ठी।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
चर	05.55 से 07.23 बजे तक	रोग	05.38 से 07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से 08.51 बजे तक	काल	07.11 से 08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से 10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से 10.15 बजे तक
काल	10.19 से 11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से 11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से 01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से 01.19 बजे तक
रोग	01.15 से 02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से 02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से 04.10 बजे तक	चर	02.51 से 04.23 बजे तक
चर	04.10 से 05.38 बजे तक	रोग	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

आपका राशिफल 26 मई

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा) स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते) शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू) जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा) हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

प्रसंगतः चित्रकार की उदारता

इंग्लैंड की रॉयल अकादमी के हॉल को चित्रों से सजाने की योजना बनाई गई। इसके लिए देश-विदेश के चित्रकारों को अपने श्रेष्ठतम चित्र भेजने को कहा गया। कुछ ही दिनों में अकादमी के पास चित्रों का ढेर लग गया। अकादमी की विशेषज्ञ समिति इन चित्रों का अवलोकन करती और अच्छे चित्र छांटकर हॉल की दीवार पर लगा देती। अंत में चित्र लगाने के सारे स्थान भर गए, लेकिन छांटे गए सुंदर चित्रों में से एक बचा रह गया। इसे एक युवा चित्रकार ने बनाया था। चित्र में नयापन था और रंगों का बेहतरीन इस्तेमाल किया गया था। विशेषज्ञ समिति के एक सदस्य ने चित्र की बारीकियों पर ध्यान देते हुए कहा, 'चित्र तो वाकई खूबसूरत है, मगर इसे लगाने के लिए हमारे पास कोई जगह ही नहीं बची है, इसलिए इसे ससम्मान वापस कर दिया जाए।' उन्होंने कहा, 'अभी जगह भरी नहीं है। अब भी एक स्थान बचा हुआ है, जहां यह चित्र लगाया जा सकता है।' समिति के सदस्यउन्हें आश्चर्य से देखने लगे। टर्नर उठे और उन्होंने अपना चित्र उतार कर उसकी जगह उस युवा चित्रकार की पेंटिंग लगा दी। हालांकि टर्नर का चित्र उस युवा चित्रकार की पेंटिंग से बहुत अच्छा था। टर्नर ने कहा, 'युवा चित्रकार को प्रोत्साहन मिलना चाहिए, क्योंकि इससे दुनिया को एक महान कलाकार मिलने की राह खुलती है।' युवा चित्रकार को इस सचाई का पता बहुत बाद में चला। काफी प्रसिद्ध होने के बाद भी वह आजीवन अपनी सफलता का श्रेय टर्नर को ही देता रहा।

RNI Title Code - JHAHIN01027 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखंड देखो कार्यालय मजिस्ट्रैट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित प्रधान संपादक डॉ. सिकंदर कुमार (मो. नं. 9955599136)
(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

मां ने की थी विजय वर्मा की घर से भागने में मदद, बताया- अमिताभ बच्चन खुद आए थे उनसे मिलने

मिर्जापुर, गली बॉय, पिंक, बागी 3, मंटो से लेकर ए सूटेबल बॉय तक दहाड़ मराने वाले विजय वर्मा अपने हालिया ओटीटी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। रीमा कागती और जोया अख्तर की वेब सीरीज दहाड़ में विजय वर्मा ने सीरियल किलर बनकर हर किसी को भौचक्का कर दिया है। सीरीज में 28 लड़कियों को मौत के घाट उतराने वाले खूंखार किरदार को विजय वर्मा ने कैसे निभाया? कैसे वह पिता से छुप-छुपकर थिएटर करने लगे? किस फिल्म को वह अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानते हैं? इन सब सवालों पर विजय वर्मा ने एक्सक्लूसिव बातचीत में जवाब दिए।

दहाड़ की गूंज दूर तलक गई है... कैसा लग रहा है ये देखकर?

मुझे बहुत अच्छा लग रहा है तारीफ सुनकर। मैं तो गदगद हो रहा हूं। हम लोगों ने एक अच्छी चीज बनाने की कोशिश की। अब लोगों को ये काम पसंद आ रहा है। चारों ओर इसकी बातचीत हो रही है तो ये देखकर अच्छा लगता है कि आपकी मेहनत रंग लाई।

वेब सीरीज में आफ खूंखार अंदाज में नजर आए हैं, असल जिंदगी में आपका नेचर कैसा है?

मुस्कुराते हुए विजय वर्मा ने कहा, असल जिंदगी में तो मैं सीरियल किलर नहीं हूं। रियल लाइफ से तो ये शो बहुत ही ज्यादा दूर है। यही वजह है कि ये शो मुझे बहुत अट्रैक्ट करने में कामयाब हुआ है। असल जिंदगी में तो फिलहाल में यहां मां, बहन, तीन भांजियों और भांजे के साथ बैठकर नाश्ता कर रहा हूं। सबको कहा कि शोर मत करना। मैं इंटरव्यू दे रहा हूं। तो कुल मिलाकर बस ऐसा ही हूं मैं असल जिंदगी में।

डार्लिंग में पहले खडूस पति और अब सीरियल किलर...फैमिली का कैसा होता है रिएक्शन?

सीरियल किलर के रूप में देखकर मेरी मां ने तो मुझे कहा कि आखिर तुझे क्या हो गया है। तू ऐसे रोल क्यों कर रहा है। हालांकि मेरी फैमिली को पता है कि मुझ में एक्टिंग का कीड़ा है। स्कूल समय से ही मुझे एक्टिंग का शौक है। यही वजह है कि वो जानते हैं कि मैंने बहुत लंबे समय से इस एक्टिंग का सपना देखा हैं और अब इसे जी रहा हूं। फैमिली को गर्व होता है कि मैं जो करना चाहता था वो कर रहा हूं।

आपका बैकग्राउंड फिल्मी नहीं रहा है.. तो कब लगा कि आपको एक्टिंग में करियर बनाना है?

मुझे लगता है कि ये बात है 10वीं क्लास की। 10वीं-11वीं क्लास के समय तीन चार लोगों ने मुझे कहा था कि आप अच्छे दिखते हो, एक्टिंग या मॉडलिंग क्यों नहीं करते। लेकिन मैंने उस बात को सीरियस तब लिया, जब मैंने थिएटर स्कूल ज्वाइन किया। पहले मैंने बीकॉम किया। पहले कोशिश की कहीं और करियर बन जाए। मुझे तो लगता था कि मेरे लिए एक्टर बनना बहुत दूर की बात है। मैं तो बिल्कुल नहीं बन सकता हूं। लेकिन दूसरे जॉब्स करने के बाद मैंने जब थिएटर किया और मुझे लगा कि मैं इस काम को सबसे ज्यादा एन्जॉय कर रहा हूं तो मैंने सीरियसली लेना शुरू किया। मैं फिर पुणे गया और एफटीआईआई से एक्टिंग सीखी। मेरा मानना था कि मैं पहले अपनी फाउंडेशन को स्ट्रॉन्ग करूं। इसीलिए पहले मैंने एक्टिंग के गुर पूरी तरह सीखे और फिर काम ढूंढना और करना शुरू किया।

आपके पिता एक्टिंग करियर के खिलाफ थे तो उस किस्से के बारे में बताइए, जब आप अपने फादर को बिना बताए एक्टिंग स्कूल के लिए निकल गए?

मैं छुप-छुपकर हैदराबाद में थिएटर कर रहा था। मुझे पता था कि मेरे पिताजी कभी नहीं चाहेंगे कि मैं एक्टिंग करूं। खैर पैरेंट्स को सब पता होता है कि आप क्या कर रहे हो। जब उन्हें मेरे थिएटर करने की भनक लगी तो उनको लगा कि शायद ये मेरी हॉबी होगी तो मैं दो-चार दिन करूंगा और फिर छोड़ देगा। मगर मैं माना नहीं, मैंने छुपकर एक्टिंग स्कूल के लिए फॉर्म डाला था। मेरा सिलेक्शन हो गया। मुझे एक्टिंग सीखने के लिए दो साल के लिए जाना था। मैं ये बात अच्छे से जानता था कि पिता तो नहीं मानेंगे, फिर मैंने अपनी मां के साथ प्लान बनाया और मैं घर से भाग गया।

कौन-सी फिल्म आपके करियर की टर्निंग पॉइंट थी?

मुझे लगता है कि मेरे करियर के लिए गली बॉय फिल्म टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। गली बॉय की रिलीज के बाद जो दरवाजे मेरे लिए बंद थे वो भी खुल गए। तो कुछ दरवाजे हल्के से खुले और लोगों ने मेरी ओर देखना शुरू कर दिया था।

जब पिंक के दौरान आप अमिताभ बच्चन से पहली बार मिले तो उस मोमेंट के बारे में कुछ बताइए।

अमिताभ बच्चन के साथ मेरी पहली मुलाकात बहुत यादगार और फनी थी। पिंक फिल्म के समय कोर्टरूम का सीन शूट हो रहा था। वह रूम में अपने डायलॉग पढ़ रहे थे। वह इतने लंबे हैं कि दूर से भी दिख जाते हैं कि महानायक खड़े हैं। मैं उनके पास जाने से डर रहा था। मैं काफी देर तक कमरे के बाहर खड़ा रहा। थोड़ी देर बाद अमिताभ सर ही बाहर आए और मेरे ओर हाथ बढ़ाकर कहा कि हेलो मैं हूं अमिताभ बच्चन। मैं ये देखकर हक्का-बक्का रह गया कि ये क्या हो रहा है। उस वक्त मेरे मुंह से थैंक्यू निकल गया। तो इस तरह मेरी मुलाकात बहुत ही फनी रही थी।

'पुष्पा 2' में नजर आ सकते हैं रणवीर सिंह

अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म पुष्पा के सीक्वल 'पुष्पा 2' की शूटिंग कर रहे हैं। सुनने में आया है कि इस फिल्म में अब रणवीर सिंह की एंट्री होने जा रही है। रणवीर इस फिल्म में एक कॉप के रोल में नजर आ सकते हैं। बता दें कि रणवीर इससे पहले फिल्म 'सिंबा' में भी कॉप के रोल में नजर आ चुके हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में रणवीर उस पुलिस ऑफिसर का रोल प्ले करेंगे जो पुष्पा राज का इंट्रोडक्शन देगा। माना जा रहा है कि रणवीर का किरदार इस फिल्म में काफी अहम होगा। ऐसे में दर्शक यह जानकार काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म के इस पार्ट से जबरदस्त एक्शन और ट्विस्ट की उम्मीद कर रहे हैं।

इंडस्ट्री के बड़े नाम होंगे शामिल

चर्चा यह भी है कि फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार इसे और बड़ा बनाने के लिए इसमें कई सारे कैमियो रोल लेकर आएंगे। इन किरदारों को इंडस्ट्री के बड़े-बड़े कलाकार निभाएंगे। इन सभी के अलावा एक्टर फहाद फासिल को पहले ही फिल्म के लिए कास्ट किया जा चुका है।

बन सकता है फिल्म का तीसरा पार्ट

फिल्म की बात करें तो अल्लू अर्जुन ने इस साल मार्च में अनाउंस किया था कि पुष्पा 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। माना जा रहा है कि इस फिल्म तीसरा पार्ट भी बन सकता है। इस बारे में डायरेक्टर सुकुमार ने बात करते हुए कहा था, हम इस फिल्म का तीसरा पार्ट बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। हमारे पास स्क्रिप्ट है और अगर प्रोड्यूसर्स को वह पसंद आ गई तो हम यकीनन ही इसका थर्ड पार्ट बनाएंगे।

मैंने फास्ट एंड फ्यूरियस के लिए ऑडिशन दिया था, लोगों ने मुझे लिप जॉब की दी थी सलाह

सैयामी खेर इन दिनों अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। सैयामी खेर इस फिल्म में एक मराठी महिला के किरदार में हैं और उनके किरदार का नाम इरावती है। इरावती नांदेड़ से हैदराबाद अपनी प्रेग्नेंट बहन की देखरेख के लिए जाती हैं। इरावती को ट्रेन में अकेले सफर करने से डर लगता है, लेकिन हॉस्पिटल जाने के लिए उनके पास यही ऑप्शन है। इसी सफर के दौरान शुरू होती है एक लव स्टोरी, और शादीशुदा इरावती की जिंदगी में एक शादीशुदा शख्स गुलशन देवैया की एंट्री हो जाती है।

सैयामी ने बताया कि उन्होंने फास्ट एंडफ्यूरियसके लिए भी ऑडिशन दिया था। सैयामी ने बताया कि इस प्रॉजेक्ट के लिए अनुराग कश्यप ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर और प्रड्यूसर राज राचकोंडा से करवाई। सैयामी ने कहा कि उनकी अब तक की सारी फिल्मों के सेटअप काफी बड़ा रहा है, लेकिन ये फिल्म इंडिपेंडेंट थी और सेटअप काफी नया था। उन्होंने बताया कि जब वो इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ रही थीं तो उन्हें लंच बॉक्स जैसी कहानी लग रही थी।

मुझे कई बार कहा गया कि लिप जॉब करवा लो

सैयामी ने कहा, गुलशन इरफान सर की बहुत याद दिलाते हैं और वो खुद भी इरफान सर के फैन हैं, उनके साथ काम सीखने को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें की बार हिरोइन के रोल के लिए सर्जरी की भी सलाह दी गई। उन्होंने कहा, मुझे कई बार कहा गया कि लिप जॉब करवा लो, बॉडी पर ये करवा लो वो करवा लो, नोज सर्जरी करवा लो...ऐसी ही सलाह मिलती थी और मैं जी सर बोलकर घर आ जाती थी। लेकिन मैं उस प्रेशर में पड़ती नहीं थी। लेकिन उस समय मैं 20-25 साल की थी और इस उम्र में अगर कोई कास्टिंग डायरेक्टर आपसे ऐसा कुछ कहता है तो आपके मन में बैठ जाता है कि कहीं मैं ठीक नहीं लग रही हूं क्या? क्योंकि यहां लोग फिजिकली आपको देखते हैं।

अब जो नेचुरल होता है उसे सेलिब्रेट किया जाता है

सैयामी ने आगे कहा कि अब चीजें बदल रही हैं क्योंकि अब जो नैचुरल है उसे सेलिब्रेट किया जाता है। उन्होंने कहा कि ये बदलाव पिछले 6-7 सालों में आया है।

ड फ्यूरियस के लिए एक ऑडिशन दिया

सैयामी ने इस बातचीत में कहा कि उन्हें बड़ी सी कोई एक्शन फिल्म करनी है और एक्शन फिल्म में उन्हें काफी मजा आता है। उन्होंने कहा, मैंने बहुत पहले फास्ट एंड फ्यूरियस के लिए एक ऑडिशन दिया था। फास्ट एंड फ्यूरियस टाइप की फिल्म मुझे बहुत पसंद है। उम्मीद करती हूं को कोई बहुत बड़ी अच्छी एक्शन फिल्म करूं।

फिल्म फतेह के लिए कड़ी मेहनत कर रहे सोनू सूद

सोनू सूद इन दिनों अपनी एक्शन फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में है। इस फिल्म में सोनू जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करते हुए दिखाई दिए। 49 साल के सोनू ने फ्लॉन्ट किए एब्स वीडियो में सोनू अपने टोन्ड एब्स को फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, फतेह। सोशल मीडिया पर फैंस सोनू के इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, वाह क्या बात है सोनू जी। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, इस दुनिया में सबसे फिट और सबसे दयालु व्यक्ति।

जैकलीन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे

फिल्म फतेह एक एक्शन थ्रिलर है, जो पंजाब पर ही आधारित है। फिल्म फतेह में सोनू एक दमदार विलेन का रोल निभाएंगे। इसे सोनू सूद की ही होम प्रोडक्शन शक्ति सागर प्रोडक्शन के बैनर तले ही तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म में उनके साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

एक्शन पैक्ड सीरीज के साथ ओटीटी डेब्यू करेंगे सलमान खान

जल्द ही सलमान खान ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान एक्शन बेस्ड वेब सीरीज के साथ ओटीटी पर डेब्यू करेंगे। 2021 में करण जौहर ने बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 होस्ट किया था। इस शो का अगला सीजन भी अब सलमान खान ही होस्ट करेंगे।

वेब प्लेटफार्म पर भी देखने को मिलेगा सलमान का स्वैग

बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए एक सोर्स ने बताया कि सलमान को एक दमदार एक्शन से भरी वेब सीरीज का कांसेप्ट पसंद आया है और इस प्रोजेक्ट में काम करने के लिए हां कर दिया है। फिलहाल, ये प्रोजेक्ट अपने शुरुआती स्टेज में ही है इसलिए इसके बारे में ज्यादा बता पाना मुश्किल है। उम्मीद है की वेब प्लेटफार्म होने के बावजूद इस सीरीज में सलमान का स्वैग देखने को मिलेगा।

सलमान ने खुद पसंद की है सीरीज की स्क्रिप्ट

उन्होंने आगे बताया- सलमान खान इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने खुद स्क्रिप्ट पसंद की है और डायरेक्टर के साथ एग्रीमेंट भी कर चुके हैं। फिलहाल, सलमान टाइगर 3 पर ही फोकस कर रहे हैं। इस फिल्म के बाद उनके पास आदित्य चोपड़ा और शाहरुख खान की बड़े बजट वाली क्रॉसओवर फिल्म भी है। ये दोनों प्रोजेक्ट पूरे होने के बाद ही सलमान ओटीटी प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे।

सलमान ने साइन किया एग्रीमेंट

रिपोर्ट के मुताबिक कुछ दिनों पहले सलमान खान ने जी5 के साथ 5 साल का एग्रीमेंट भी किया था। इस एग्रीमेंट के बाद अब इस प्लेटफार्म के पास सलमान खान की सभी फिल्मों को ब्रॉडकास्ट करने के राइट्स मिल गए हैं। इस डील के तहत आने वाली पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान है। फिल्म 26 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

सुनील शेट्टी ने की सलमान की तारीफ, बताया गोल्डन हार्ट

एक सुपरस्टार को अपने फैन्स का भरपूर प्यार मिलता है और जब बात सलमान खान जैसे सुपरस्टार की हो तो सब कुछ डबल हो जाता है। सब जानते है कि सलमान एक ऐसे सुपरस्टार हैं जिनका दिल सोने का है, ऐसे ही नही उन्हें उनके फैन्स ने भाई का टैग दिया है। जरूरतमंद लोगों के लिए खड़ा होना होने से लेकर गरीब बच्चों की मदद करने तक, इस सुपरस्टार का दिल हर एक के लिए धड़कता है। लेकिन हमने कभी भी उन्हें उनके द्वारा किए गए नेक कामों के बारे में बात करते नही देखा हैं, हालांकि इंडस्ट्री में बाकी सब सलमान खान की इसके लिए जमकर तारीफ करते दिख जाते हैं। सुनील शेट्टी भी उसमें शामिल हैं।

सुनील शेट्टी इंडस्ट्री के उन गिने-चुने लोगों में से हैं जो सलमान खान को बेहद करीब से जानते हैं और उनके साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। सलमान के इतने करीब होने के कारण, सुनील शेट्टी दुनिया को यह बताने का एक मौका नहीं छोड़ते कि वह कितने विनम्र हैं और अक्सर उनकी तारीफ करते दिख जाते हैं। वह वास्तव में यह कहने में दृढ़ विश्वास रखते हैं, मैंने हमेशा कहा है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी सलमान को मेरी तरह जानता है। सिर्फ एक या दो बार नहीं, बल्कि कई मौके आए हैं जब सुनील शेट्टी ने सलमान खान और उनकी दयालुता के लिए सराहा है। एक बार उन्होंने कहा था, देखिए आज भी सलमान इस मुकाम पर हैं क्योंकि उनका दिल ऐसा है। फिर एक और इंटरव्यू में उन्होंने कहा, जो लोग सलमान को जानते हैं, मैं हमेशा कहता हूं कि आपको सलमान खान को जानने की जरूरत है। खैर, सुनील वास्तव में सलमान को एक गोल्डन हार्ट वाला व्यक्ति कहते हैं। तुम कुछ भी मांगो वह निकाल कर तुम्हें देगा। बोन मैरो की कमी से जूझ रहे एक बच्चे के लिए सलमान खान द्वारा अपना बोन मैरो टेस्ट करवाने की कहानी बहुत कुछ कहती है कि सलमान खान का दिल कितना बड़ा है। एक और दूसरे मौके पर, सुनील शेट्टी ने जाहिर किया, मुझे अभी भी याद है कि कोई उन्हें बार-बार कॉल कर रहा था, वह गया और मैंने पूछा कि वह कहां जा रहा है लेकिन उसने मुझे नहीं बताया। उसने कहा कि मेरे पास काम है, जब हो जाएगा तो मैं वापस आ जाऊंगा, बाद में मुझे पता चला कि वह एक बच्चे के लिए अपना बोन मैरो टेस्ट कराने गया था, जिसे बोन मैरो कैंसर था और जहां तक मुझे पता है कि यह सबसे दर्दनाक टेस्ट होता है। उसने मुझे बताया भी नहीं, वह चला गया, टेस्ट करवा कर वापस आया, और फिर शामिल हो गए। उन्होंने लोगों के लिए बहुत कुछ किया है, मैं भौतिक चीजों के बारे में बिल्कुल भी बात नहीं कर रहा हूं। अपनी चैरिटेबल फाउंडेशन, बीइंग ह्यूमन के साथ, सलमान जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाते हैं। फाउंडेशन विभिन्न परियोजनाओं का समर्थन करता है और अन्य गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी चैरिटेबल एक्टिविटी परफॉर्म करता है।